


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन




वर्ष 52/ अंक 264/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10    संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल    ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 13 मई 2023 भोपाल से प्रकाशित    dainiksandhyaprakash.in



# कर्नाटक: कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत

## विधायक दल की बैठक कल बेंगलुरु में

**कर्नाटक में अब तक सामने आए रुझानों में कांग्रेस 129, भाजपा 63, जेडीएस 22 और अन्य 4 सीटों पर आगे चल रही है। यानी कांग्रेस को बहुमत 113 के आंकड़े से 16 सीट ज्यादा मिलती दिख रही है। अब तक 4 सीटों के रिजल्ट आ चुके हैं। 4 पर कांग्रेस और 3 पर भाजपा को जीत मिली है। पार्टी को बहुमत मिलने के बाद कर्नाटक कांग्रेस चीफ डीके शिवकुमार रो पड़े। उन्होंने कहा, मैंने राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी को जीत का आश्वासन दिया था। मैं भूल नहीं सकता जब सोनिया गांधी मुझसे जेल में मिलने आई थीं, तब मैंने पद पर रहने के बजाय जेल में रहना चुना, पार्टी को मुझ पर भरोसा था।**

सूत्रों के मुताबिक रुझानों को देखते हुए कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों को बेंगलुरु पहुंचने को कहा है। उधर, जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि भाजपा या कांग्रेस किसी भी पार्टी ने उनसे संपर्क नहीं किया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई शिगगांव और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार कनकपुरा सीट पर आगे चल रहे हैं। जेडीएस नेता कुमारस्वामी चन्नापटना सीट पर आगे चल रहे हैं। जगदीश शेट्टार अपनी सीट हुबली धारवाड़ पर पीछे चल रहे हैं। सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र ने कहा- मेरे पिता को मुख्यमंत्री बनना चाहिए। उधर, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बोले, जय बजरंगबली, तोड़ दी भ्रष्टाचार की नली।

## कर्नाटक में 6 मंत्री रुझानों में पीछे, डीके शिवकुमार जीते

कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा को तगड़ा झटका लगा है। वोटों की गिनती के दौरान उसके छह मंत्री पीछे चल रहे हैं। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार चुनाव जीत गए हैं। उन्होंने राजस्व मंत्री आर. अशोक को पटखनी दी। विपक्ष के नेता सिद्दारमैया ने आवास मंत्री वी. सोमन्ना के खिलाफ वरुणा सीट पर दूसरे दौर की मतगणना के बाद 1,224 मतों की बढ़त बना ली है। सोमन्ना, जो चामराजनगर सीट से भी चुनाव लड़ रहे हैं, कांग्रेस उम्मीदवार पुत्तरंगा शेट्टी से 9,000 मतों से पीछे चल रहे हैं। खेल और युवा सेवा मंत्री डॉ. के.सी. नारायण गौड़ा जद (एस) के उम्मीदवार एच.टी. मंजू के खिलाफ दूसरे दौर में 3,324 मतों से पीछे चल रहे हैं। पीडब्ल्यूडी मंत्री सी.सी. पाटिल भी पीछे चल रहे हैं और कांग्रेस उम्मीदवार बी.आर. यावगल नवलगुंड सीट पर 544 मतों से आगे चल रहे हैं। कृषि मंत्री बी.सी. पाटिल कांग्रेस उम्मीदवार यू.बी. बनाकर से हिरेकेरूर निर्वाचन क्षेत्र में पीछे चल रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. के. सुधाकर भी चिक्कबल्लापुर विधानसभा सीट से पीछे चल रहे हैं और कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप ईश्वर 1,400 मतों से आगे चल रहे हैं।

## कर्नाटक में हमारी जीत और प्रधानमंत्री की हार हुई है: कांग्रेस



कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के अब तक के रुझानों में निर्णायक बढ़त हासिल करने के बाद शनिवार को कहा कि राज्य में उसकी जीत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हार हुई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने चुनाव अभियान को प्रधानमंत्री मोदी पर जनमत संग्रह के रूप में तब्दील कर दिया था, लेकिन उसके इस प्रयास को जनता ने ठुकरा दिया। उन्होंने ट्वीट किया, ''कर्नाटक में यह तय हो गया है कि कांग्रेस की जीत और प्रधानमंत्री की हार हुई है। भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार को प्रधानमंत्री पर जनमत संग्रह का रूप दे दिया था और राज्य को उनका 'आशीर्वाद' मिलने पर केंद्रित कर दिया था। इसे जनता ने खारिज कर दिया है।'' उनका कहना था, ''कांग्रेस पार्टी यह चुनाव लोगों की जीविका, खाद्य सुरक्षा, महंगाई, किसानों की समस्या, बिजली आपूर्ति, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर लड़ी थी।'' रमेश ने दावा किया, ''प्रधानमंत्री ने विभाजन पैदा करने और ध्रुवीकरण का प्रयास किया। कर्नाटक में वोट बेंगलुरु में एक ऐसे 'इंजन' के लिए दिया गया है, जो सामाजिक सद्भाव के साथ आर्थिक विकास कर सके। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस शनिवार को जारी मतगणना के रुझानों के अनुसार 113 के जादुई आंकड़े को पार करते हुए राज्य में अपने दम पर सरकार बनाती और दक्षिण में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एकमात्र गढ़ कर्नाटक में सेंध लगाने की राह पर दिख रही है।

### कर्नाटक के चार चाणक्य

कर्नाटक में कांग्रेस बड़ी जीत की ओर है। रुझानों में पार्टी ने बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लिया है। सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार कांग्रेस के अभियान का प्रमुख चेहरा रहे। वहीं परदे के पीछे रहते हुए चार रणनीतिकारों ने कांग्रेस के लिए विजय का रास्ता प्रशस्त कर दिया। आइए जानते हैं यह चार चेहरे कौन हैं।

एमबी पाटिल को कर्नाटक कांग्रेस के लिंगायत चेहरों में गिना जाता है। कांग्रेस की धारदार चुनावी रणनीति के पीछे एमबी पाटिल की भूमिका मानी जाती है। कांग्रेस की कैंपेन कमिटी के एमबी पाटिल चेयरमैन हैं।

शशिकांत सेंथिल कांग्रेस में आने से पहले आईएएस अफसर थे। 2009 कर्नाटक कैडर के आईएएस सेंथिल कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस वॉररूम के प्रभारी की भूमिका में रहे। 2019 में उन्होंने आईएएस की नौकरी से इस्तीफा दिया और 2020 में कांग्रेस में शामिल हो गए।

सुनील कानुगोलू को डेटा एनालिसिस का एक्सपर्ट माना जाता है। 2022 से ही कानुगोलू कर्नाटक कांग्रेस के रणनीतिकारों में से हैं। कैंपेन, सर्वे और उम्मीदवारों के सेलेक्शन में कानुगोलू ने रणनीति तैयार की। कर्नाटक के बेल्लारी के रहने वाले कानुगोलू ने अमेरिका से एमबीए की पढ़ाई की है। 2009 में वह भारत लौटे थे।

कर्नाटक में कांग्रेस का घोषणा पत्र बनाने वालों में जी परमेश्वर को अहम चेहरा माना जाता है। इस मेनिफेस्टो की पांच गारंटियां काफी चर्चा में रहीं। हालांकि पीएफआई के साथ बजरंग दल पर बैन का जिक्र कर इस घोषणा पत्र से कांग्रेस को थोड़ी मुश्किल भी हुई। लेकिन 62 पन्नों के इस घोषणा पत्र की बाकी बातें कांग्रेस के पक्ष में गईं।

## कर्नाटक में कांग्रेस को बहुमत, मगर भाजपा विधायकों के खरीद-फरोख्त का प्रयास करेगी: कमलनाथ

**मुरैना।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कर्नाटक विधानसभा चुनावों के नतीजों के रुझानों पर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निश्चित रूप से सरकार बना रही है। लेकिन भाजपा विधायकों के खरीद-फरोख्त का प्रयास करेगी। उसने हमेशा ऐसा ही किया है। शुरुआत मध्यप्रदेश से की थी।



मुरैना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कमलनाथ ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस लगातार बढ़त बनाए हुए हैं। यह निश्चित है कि कांग्रेस की सरकार बनेगी। भारतीय जनता पार्टी का यह प्रयास रहेगा कि अन्य दलों से मिलकर खरीद-फरोख्त का सौदा करें। भाजपा ने हमेशा ऐसा ही किया है। मध्यप्रदेश में भी उसने यही किया था। भाजपा ने सौदेबाजी की शुरुआत अरुणाचल प्रदेश से शुरू की थी। वह अभी खत्म नहीं हुई है। कमलनाथ मुरैना जिले के दौरे पर है। जौरा विधानसभा में वह एक सभा करेंगे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने दावा किया कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनेगी और भाजपा कुछ नहीं कर सकेगी।

क्कमलनाथ दूध के जले हैं, इसलिए छाछ भी फूंक-फूंककर पी रहे हैं। उनके बयान से साफ है कि दो साल पहले मध्यप्रदेश में जो हुआ, वह होने का डर उन्हें कर्नाटक में भी है। कर्नाटक में रुझान साफ हो गए हैं। इससे लग रहा है कि कांग्रेस बहुमत हासिल कर लेगी। मध्यप्रदेश में भी 2018 में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिला था। 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में कांग्रेस के विधायकों ने भाजपा की सदस्यता ली और फिर कमलनाथ की जगह शिवराज सिंह चौहान एक बार फिर मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री बने थे।







## मप्र कांग्रेस मुख्यालय में जश्न

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के रुझानों में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलने के संकेतों के साथ ही मप्र में भी पार्टी के समर्थकों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। जैसे ही कर्नाटक की चुनावी तस्वीर साफ हुई, कांग्रेसियों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। राजधानी भोपाल में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में विधायक व पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कसाना समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता जुटे और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर व ढोल-नगाड़ों के साथ आतिशबाजी करते हुए कर्नाटक की जीत का जश्न मनाया। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ता हाथ में बजरंगबली की तस्वीर भी लिए नजर आए। कर्नाटक चुनाव में भाजपा ने बजरंगबली को मुद्दा बनाने की कोशिश की थी, लेकिन उसका यह दांव काम नहीं आया।

## उपचुनाव: मेघालय की सोहियोंग सीट यूडीपी ने जीती, जालंधर लोकसभा पर आप आगे

आज ही पंजाब की एक लोकसभा, उत्तर प्रदेश की दो, मेघालय-ओडिशा की एक-एक विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव की भी गिनती चल रही है। चुनाव आयोग की वेबसाइट के मुताबिक, मेघालय की सोहियांग सीट से यूडीपी के सिंशार थबाह ने एनपीपी के समलिन मलंगियांग को तीन हजार से अधिक वोटों से हरा दिया है। जालंधर लोकसभा सीट से आप के सुशील कुमार रिंकू कांग्रेस की कर्मजीत कौर से 50 हजार वोटों से आगे चल रहे हैं। यहां अकाली दल तीसरे और भाजपा प्रत्याशी चौथे नंबर पर चल रहे हैं। यूपी की स्वार सीट से भाजपा और अपना दल के कैंडिडेट सपा उम्मीदवार से करीब 5 हजार वोटों से आगे चल रहे हैं। वहीं मिर्जापुर की छानबे सीट पर सपा उम्मीदवार कीर्ति कोल भाजपा और अपना दल के कैंडिडेट से 150 वोटों से आगे चल रही हैं। ओडिशा की झारसुगुड़ा सीट से बीजू जनता दल की दीपाली दास भाजपा के तंकाधर त्रिपाठी से करीब 50 हजार वोटों से आगे चल रही हैं।

## यूपी निकाय चुनाव परिणाम: बीजेपी ने झांसी से खोला खाता, 17 में से 15 सीट पर बढ़त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए मतगणना जारी है। उत्तरप्रदेश में कुल 760 नगर निकायों के लिए चुनाव हुए हैं। इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ सपा, बसपा, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों की भी साख दांव पर लगी हुई है। 162 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। 17 मेयर पदों पर भाजपा 15 सीटों पर आगे चल रही है। बहुजन समाज पार्टी एक सीट पर आगे चल रही है, जबकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पीछे नजर आ रही है। आगरा नगर निगम में बसपा प्रत्याशी लता वाल्मिकी 22 हजार वोटों से आगे चल रही है।

उत्तर प्रदेश नगर पालिका और पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पदों पर भाजपा सबसे आगे चल रही है। भारतीय जनता पार्टी नगर पालिका की 99 सीटों और नगर पंचायत की 90 सीटों पर आगे चल रही है। समाजवादी पार्टी दूसरे नंबर पर चल रही है। नगर पालिका में सपा 39 सीटों पर आगे हैं तो 37 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी आगे चल रहे हैं।

## मुद्दों पर मतदान, कर्नाटक का योगदान?

**संजय सक्सेना**

कर्नाटक में इस बार एग्जिट पोल के हिसाब से ही नतीजे आ रहे हैं। आखिरी दौर में लिया गया बजरंगबली का सहारा भी बीजेपी की नैया पार नहीं लगा पाया। एक बात और साफ हो गई है कि ऐन मौके पर जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों से हटकर कुछ और मुद्दों को लेकर चलेंगे तो वह ज्यादा समय तक नहीं चलेगा। यानि मुख्य मुद्दों से मतदाता को बहुत देर तक भटका कर नहीं रखा जा सकता। यह बात कर्नाटक चुनाव से स्पष्ट हो चुका है। कांग्रेस ने चुनाव की रणनीति सही रखी। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित प्रमुख नेताओं ने शुरुआत से ही किसानों के मुद्दे उठाए। बसवराज बोम्मई की मौजूदा सरकार की कमियों पर फोकस किया। भारतीय जनता पार्टी को दो सीएम बदलने पड़े, इसके पीछे की कहानी भ्रष्टाचार की चासनी के साथ पेश किया। मजबूत लिंगायत महारथी बीएस येदियुरप्पा पर लगे दाग भी भाजपा धो नहीं पाई और कांग्रेस ने इसे जमकर उछाला। वहीं ग्रांड ओल्ड पार्टी के बुजुर्ग अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तेज तर्रार डीके शिवकुमार, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के साथ मिलकर जो पांच वादे किए उसका प्रभाव कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों पर साफ दिख रहा है। एक नजर अखिलेश यादव के ताजा ट्वीट पर डालते हैं- कर्नाटक का संदेश ये है कि भाजपा की नकारात्मक, सांप्रदायिक, भ्रष्टाचारी, अमीरोन्मुखी, महिला-युवा विरोधी, सामाजिक-बँटवारे, झूठे प्रचारवाली, व्यक्तिवादी राजनीति का 'अंतकाल' शुरू हो गया है।

फिर भी यह सवाल तो है, राजनीति में धर्म का इस्तेमाल क्या जीत की गारंटी है? और व्यक्तिवादी राजनीति की एक्सपायरी डेट होती है या नहीं? अब तक के रुझानों में कर्नाटक में भाजपा के हारने का मुख्य कारण है भ्रष्टाचार। राहुल गांधी के लगभग हर दूसरे भाषण में चालीस प्रतिशत कमीशन वाली सरकार का उल्लेख इसका प्रमाण कहा जा सकता है। भाजपा की पहचान उस नाते रही है कि आप एक गुड गवर्नेंस देते हैं, लेकिन यहां जिस तरह से सीएम बदले और जिस तरह से ऑडियो टेप आए, सुसाइड तक के प्रयास हुए इस सरकार में और इस सरकार से जुड़े लोगों और उनके रिश्तेदारों के। उसके बाद उसे ढकने का प्रयास किया गया। इन मुद्दों को कांग्रेस ने जमकर उठाया और मतदाता का रुख एक बार फिर उससे जुड़े मुद्दों की तरफ करने में सफलता हासिल की। देखना होगा कि कर्नाटक का यह प्रयोग और मुद्दों की तरफ मतदाता की वापसी का सिलसिला आने वाले राज्यों के साथ ही आम चुनावों तक रह पाता है या नहीं।

## मनसुख मांडविया गुजरात के नए सीएम होंगे?



**मुंबई।** आज एक ओर कर्नाटक में बीजेपी सत्ता से बाहर हो रही है वहीं दूसरी ओर गुजरात में सीएम भुपेंद्र पटेल निजी कारणों से इस्तीफा देने जा रहे हैं।बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को गुजरात का अगला सीएम बनाने पर लगभग फैसला कर चुका है।

दिल्ली के विश्वस्त सूत्र ने बताया कि कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के दौरे पर थे तब गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने अपने बेटे के स्वास्थ्य को लेकर सीएम पद छोड़ने की इच्छा जताई। भूपेंद्र पटेल के 35 साल के बेटे को एक मई को ब्रेन हेमरेज हुआ था।चिंता जनक हालत में उसे एयर एंबुलेंस से अहमदाबाद से मुंबई लाया गया था।तबसे उसका मुंबई के हिंदुजा अस्पताल में इलाज चल रहा है। भूपेंद्र पटेल उसी दिन सीएम पद छोड़ने की इच्छा जता चुके हैं।कल जब प्रधानमंत्री गुजरात के दौरे पर थे तो उन्होंने प्रधानमंत्री से साफ कह दिया कि वे सीएम पद तुरंत छोड़ना चाहते हैं।साथ ही उन्होंने विधायक पद भी छोड़ने की इच्छा जताई। सूत्रों ने बताया कि भूपेंद्र भाई ने प्रधानमंत्री से कहा कि बेटे की इस हालत में वे कोई भी जिम्मेदारी नहीं उठा सकते।लिहाजा वे उन्हें पदमुक्त करे। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने उन्हें अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा पर वे टस से मस होने को तैयार नहीं थे। आखिर प्रधानमंत्री ने नए सीएम बनने तक भूपेंद्र पटेल को पद पर बने रहने को कहा।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा से नए सीएम के नाम पर चर्चा की। इसमें दो नाम उभर कर सामने आए।एक गुजरात बीजेपी में संगठन मंत्री रहे भीखू भाई दलसानिया और दूसरा नाम केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया का है। भीखूभाई और मनसुख मांडविया दोनों ही नरेंद्र मोदी के बेहद भरोसे मंद माने जाते हैं। भीखूभाई को लेकर एक आरोप है कि वे बहुत गुटबाजी करते हैं। इसी कारण उनका नाम रेस से बाहर हो गया। भावनगर के मनसुख मांडविया लेवुआ पटेल है।पाटीदार समाज के मनसुख मांडवीया शांत और बहुत सुलझे हुए नेता माने जाते हैं।इसीलिए बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने मांडविया को अगला सीएम बनाने का तय किया है।

## सचिन तेंदुलकर ने फर्जी एड में अपने नाम और फोटो के गलत इस्तेमाल पर पुलिस में शिकायत की



**मुम्बई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अपने नाम और फोटो का गलत इस्तेमाल करने को लेकर पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया कि कुछ लोग सचिन के नाम से फर्जी एड चलाकर लोगों को ठग रहे हैं। मुंबई पुलिस साइबर सेल द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 426, 465 और 500 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## महाराष्ट्र सीएम शिंदे के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग




**मुम्बई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। वे उद्योग मंत्री उदय सामंत और मंत्री संदीपान भुमरे के साथ सतारा जिले में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण उनका हेलिकॉप्टर राजभवन के हेलिपैड पर उतारा गया।

## खतरनाक हुआ चक्रवात मोका, बांग्लादेश में सबसे बड़े शरणार्थी शिविर को खतरा



**नई दिल्ली।** उष्णकटिबंधीय चक्रवात 'मोका' बंगाल की खाड़ी से अब बांग्लादेश और म्यांमार की सीमा के पास पहुंच गया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने बांग्लादेश में तेज हवाओं, बाढ़ और संभावित भूस्खलन की चेतावनी देते हुए कहा है कि मोका बहुत खतरनाक हो गया है। डब्ल्यूएमओ ने कहा कि यह बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में दुनिया के सबसे बड़े शरणार्थी शिविर को प्रभावित कर सकता है।

भारत के मौसम विज्ञान कार्यालय के अनुसार, चक्रवात मोका के रविवार (14 मई) दोपहर तक बांग्लादेश-म्यांमार सीमा के पास लैंडफॉल करने की संभावना जताई गई है। फिलहाल इन इलाकों में 175 किलोमीटर प्रति घंटे (108 मील प्रति घंटे) की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं।

मौसम कार्यालय ने निचले तटीय क्षेत्र में दो से ढाई मीटर (छह से आठ फीट) के बीच तूफान बढ़ने की भविष्यवाणी की है। यह बांग्लादेश के कॉक्स बाजार का क्षेत्र है, जहां लाखों रोहिंग्या शरणार्थियों के शिविर हैं। हालांकि, 2017 में म्यांमार में सैन्य नेतृत्व की कार्रवाई के बाद उनमें से ज्यादातर वहां से भाग गए थे।

## जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में शनिवार सुबह आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। आतंकवादियों और सैनिकों के बीच फायरिंग भी हुई। इस बीच पाकिस्तानी की तरफ से घटनास्थल के ऊपर एक ड्रोन उड़ाने की कोशिश की गई, लेकिन भारतीय सेना ने फायर कर उसे भी पीछे धकेल दिया।

# नवनिध एवं मिठी स्कूल का सीबीएसई बोर्ड की 12वीं और 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम



**संत हिरदाराम नगर।** शहीद हेमू कालानी एजूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित नवनिध एवं मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में अपनी अकादमिक उत्कृष्टता का एक बार पुनः श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

नवनिध स्कूल में 12वीं कक्षा में वाणिज्य संकाय की छात्रा नियति बंसल ने 94.6 प्रतिशत एवं मिठी गोबिंदराम स्कूल के विज्ञान संकाय के विद्यार्थी अर्पित पचोरिया ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने बताया कि इस वर्ष कुल 94 विद्यार्थियों ने 12वीं की परीक्षा में भाग लिया जिसमें 80 प्रतिशत एवं अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 21 थी। वाणिज्य संकाय में लकी मूलानी एवं सुमित वाधवानी ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। अन्य मेधावी छात्र वरुण कुंदवानी (85.2), दक्ष लालवानी (84.6), अथर्व जैन (82) एवं अनीश आसनानी (81.4)। विज्ञान संकाय में अन्य मेधावी छात्र मयंक मेहरचंदानी (88), आदित्य शर्मा (86.6), देव आसूदानी एवं कुणाल राणावत (86.4) एवं आर्यन पाठक (86) हैं। नवनिध स्कूल की उपप्राचार्या रेखा केवलानी ने बताया कि कुल 121 छात्राओं में से 58 छात्राओं ने 80 प्रतिशत एवं अधिक अंक प्राप्त किये। वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा नियति बंसल (94.6) के अलावा अन्य छात्राएं जिन्होंने स्कूल का परचम फहराया वहीं हिना जैन (94.4), नंदिनी शर्मा (94.2), वंशिका भास्कर (93.8), स्नेहा बालानी (93.4)। विज्ञान संकाय में प्रज्ञा शर्मा (88.8) प्रथम स्थान, दीक्षा जैन एवं हर्षिता सिंह (88.6), अंशी पांडे (87.8), नेहा दामानी (87.6) एवं इशिता आनंद (85.8) ने विद्यालय को गौरवान्वित किया। दोनों स्कूलों की कक्षा 10वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। मिठी गोबिंदराम स्कूल में कृष्णा प्रतिवानी (93.8) एवं नवनिध स्कूल में जेसिका दयारामानी (95.6) प्रथम रहे। समीर सिद्दीकी (93.6), अंशुल संतलानी (93.4), नमन कल्याणे (92.8), हिमांशु भैंसानिया (92.4) व नवनिध स्कूल से रिधिमा मेहरचंदानी (95), सोम्या वासवानी (94.6), रिचा शर्मा (94.2) व मानवी चैहान (93.6)। मिठी गोंबिंदराम स्कूल से 118 विद्यार्थियों में से 33 ने एवं नवनिध स्कूल से 119 छात्राओं में से 48 ने 80 प्रतिशत एवं अधिक अंक प्राप्त किये। रिधिमा मेहरचंदानी ने विज्ञान में तथा धैर्यसिंह जादौन ने संस्कृत में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

# अपने क्षेत्र को स्वच्छता के साथ ही शिक्षा व संस्कार में भी नंबर 1 बनाएं: महापौर



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

महपौर मालती राय ने कहा है कि अपने शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर तो बनाना ही साथ ही हम जिस क्षेत्र में रहते है उस क्षेत्र को भी स्वच्छता के साथ शिक्षा और संस्कार में भी नंबर 01 बनाने के प्रयास करने चाहिए। महापौर श्रीमती राय ने उक्त विचार माखनलाल चतुर्वेदी अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन प्रतिभा-2023 के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में व्यक्त किए। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.डॉ.के.जी.सुरेश सहित विश्व विद्यालय के प्राध्यापकगण, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। महापौर मालती राय के मुख्य आतिथ्य में माखनलाल चतुर्वेदी अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के प्रतिभा-2023 का पुरस्कार वितरण सम्पन्न हुआ। महापौर श्रीमती राय ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा के साथ सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों जैसे आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के बौद्धिक व शारीरिक विकास हेतु इस प्रकार की गतिविधियां आवश्यक है। महापौर श्रीमती राय ने नगर निगम द्वारा संचालित स्वच्छता की गतिविधियों में सक्रिय योगदान देकर अपने शहर भोपाल को देश का सबसे स्वच्छ व प्लास्टिकमुक्त शहर बनाने की अपील की साथ ही उपस्थितजन से यह भी आव्हान किया कि वह अपने क्षेत्र जहां वह निवास करते है वहां स्वच्छता के साथ ऐसे बच्चों को भी देखे जो अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पा रहे है उन्हें व उनके माता-पिता को शिक्षा हेतु प्रेरित करें और ऐसे बच्चों की शिक्षा के लिए भी प्रयास करें। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि शिक्षा के साथ ही बच्चों को संस्कारित बनाने हेतु भी हमें प्रयास करना चाहिए। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि नगर निगम को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु जन सामान्य की सहयोग की अपेक्षा है।

## केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का दसवी एवं बारहवी का परीक्षा परिणाम घोषित



**भोपाल।** क्राईस्ट मेमोरियल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के संचालक डॉ. मेनिस मैथ्यूज़ एवं प्राचार्य परमेन्द्र दरयानी ने सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी। विद्यालय की बारहवी कक्षा (विज्ञान संकाय) की छात्रा सुरभी रावत ने 92.6: हासिल किये, वहीं बालक रोहित पंत (कॉमर्स) ने 85: प्राप्त करके विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोषन किया। विद्यालय के दसवी कक्षा का परीक्षा परिणाम भी अव्वल रहा जिसमें तौफिक खान ने 92.4: प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, एवं द्वितीय स्थान पर मनीषा जसवानी 90.6: एवं तृतीय स्थान पर श्रेया परमार ने 89.4: हासिल किये। विद्यालय के संचालक डॉ. मेनिस मैथ्यूज़ जी ने सभी बच्चों को उनके जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। विद्यालय के सभी षिक्षक-षिक्षिकाओं ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ दी।

## यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल पीस काउंसिल ने किया सम्मेलन का आयोजन




**भोपाल।** यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल पीस काउंसिल द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया भोपाल की वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ माया मदकोरिया ने बताया कि आयोजित संस्था के इस कार्यक्रम में संस्था से जुड़े लोग संत महंत सम्मिलित थे इस कार्यक्रम में महाकाल मंदिर के पुजारी पंडित रमेश द्विवेदी को इंटरनेशनल पीस अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया समारोह के मुख्य अतिथि गोपी खन्ना जीएस चेल दुर्गा रोबिन मोहन नगर विश्वनाथ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए।

## कायस्थ समाज का सम्मेलन कल इंदौर में

**इंदौर।** अ.भा. कायस्थ महासभा की प्रदेश एवं इंदौर जिला इकाई की मेजबानी में रविवार 14 मई को सुबह 10 से दोपहर 2.30 बजे तक राजीव गांधी चौराहा के पास स्थित मधुर मिलन गार्डन पर समाज के विधिवेत्ताओं का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे बंधुओं का सम्मान समारोह भी होगा और कायस्थ समागम भी। सर्वोच्च न्यायालय के से.नि. न्यायमूर्ति दीपक वर्मा के मुख्य आतिथ्य में अ.भा. कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री सुबोधकांत सहाय की अध्यक्षता में महासभा के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महामंत्री विश्वमोहन कुलश्रेष्ठ एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री पी.सी.एल. श्रीवास्तव एवं महासभा के प्रदेशाध्यक्ष मेजर जनरल (से.नि.) श्याम श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे।

## किरार क्षत्रिय महासभा एवं धाकड़ महासभा का युवक- युवती परिचय सम्मेलन आयोजित



**भोपाल।** सुषमा चौहान के निवास पर अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा एवं अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किरार,किराड़;धाकड़; नागर, मालव युवक युवती परिचय सम्मेलन 2023 की पूर्व तैयारी के संदर्भ मे अखिल भारतीय किरार क्षत्रिय महासभा ज़िला भोपाल के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने अशोका गार्डन में एक बैठक सुषमा चौहान के निवास मे आयोजित की । ज़िला अध्यक्ष चौहान ने संबोधित करते हुए कहा की आगमी 4 जून को भोपाल में समाज का युवक/युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद सुषमा चौहान, ज़िला उपाध्यक्ष बृजमोहन पटेल, एल पी गड़ेकर, प्रदीप सिंह चौहान, राजेश चौहान, लोकेंद्र सिंह चौहान, यशवंत सिंह चौहान, नरेंद्र सिंहचौहान, सीमा चौहान, प्रीति चौहान , गंभीर सिंह, जगदीश चौहान, कपूर चौहान, बृजमोहन चौहान उपस्थित हुए।

## बूथ विजय संकल्प अभियान

**भोपाल।** भाजपा भारतीय जनता पार्टी संत नगर मंडल अध्यक्ष कमल विधानी के कार्यालय में में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी शनिवार को होने वाले बूथ विजय संकल्प दिवस के कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई यह कार्यक्रम संत नगर दशहरा मैदान में आयोजित होग। बैठक में मंडल अध्यक्ष कमल विधानी सहित मंडल महामंत्री बबलू चावला वरिष्ठ भाजपा नेता किशन अच्छानी, बसंत चलानी, विकास मरण, जगदीश आसवानी,सुमित आहूजा, शेट्टी चंदानानी,युवा मोर्चा अध्यक्ष रामु केवट, गुड्डू मेहर, नरेंद्र बिष्ट सहित लोग उपस्थित रहे।

# वैचारिक क्रांति के लिए कॉमिक्स श्रेष्ठ माध्यम है: सिद्ध भाऊजी



**संत हिरदाराम नगर।** परमहंस संत शिरोमणि हिरदाराम साहिब जी के आशीर्वाद एवं परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी की प्रेरणा और मार्गदर्शन से संचालित संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में यूनिसेफ के पदाधिकारियों के द्वारा कॉमिक बुक्स का विमोचन किया गया। इस अवसर पर सिद्ध भाऊ ने अपने आशीर्वचनों के रूप ने संस्थान की छात्राओं को शुभकामनाएं दीं एवं कहा कि कॉमिक्स आज के समय में सर्वश्रेष्ठ माध्यम है, जो कि समाज सुधार को सार्थक कर सकता है। आपने यूनिसेफ द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्यमें साझा कार्यक्रमों के लिए सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। साथ ही विभिन्न स्कूलों में अध्ययनरत छात्राओं तक कॉमिक फॉर चेंज आर्ट के माध्यम से सामाजिक सन्देश पहुंचाने की बात भी कही।

उन्होंने कहा कि माता-पिता बच्चों का बुरा कभी नहीं सोच सकते हैं। ये पाश्चात्य संस्कृति है, जिससे हमारे बच्चे दुर्व्यसनों की तरफ जा रहे हैं। इन व्यसनों को दूर करने के लिए कॉमिक एक प्रभावशाली माध्यम है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के फायदे हैं, तो नुकसान भी हैं; टेक्नोलॉजी निरंकुशता न लाए, यही हमारा प्रयास है। उन्होंने आव्हान किया कि कॉमिक्स को रंगीन तरीके से स्कूलों में प्रदान किया जाए और इसका प्रचार-प्रसार विस्तृत रूप में किया जाए, तो ये वैचारिक क्रांति ला सकता है। भारतीय संस्कृति सबसे सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है जिससे हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की छात्राओं में जुनून, विनम्रता, आज्ञापालन की भावना, जिज्ञासा एवं सीखने की ललक है, जो सभी प्रकार में अनूठीहै। कुरीतियों के बारे में जानकारी एवं निवारण कॉमिक्स के द्वारा ही संभव है। उन्होंने कहा कि इस कॉमिक के आंदोलन के द्वारा न केवल प्रदेश में, बल्कि देश मेंऔर विदेशों में भी सामाजिक सरोकार का संदेश दिया जाए। दृढ़ विश्वास के साथ हम सभी प्रयास और परिश्रम करें तो यह संभव हो सकेगा। यूनिसेफ से पधारे पदाधिकारी झिमली बरुआ, मोनिका मौर्य एवं साबिर इकबाल ने संत हिरदाराम इंस्टिट्यूटऑफ़ मैनेजमेंट के साथ साझा कार्यक्रमों को सफल बताया एवं भविष्य में छात्राओं के विकास के लिए कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती, माँ भारती एवं संत शिरोमणि हिरदाराम साहिब जी के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया एवं कहा कि संस्थान के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यूनिसेफ ने समूचे प्रांत में से संस्थान का चयन किया, जिसकी वजह से हमें बहुत सीखने का मौका मिला। कॉमिक्स फॉर चेंज गतिविधि की संयोजक प्रो. शालू पांडे ने यूनिसेफ को धन्यवाद देते हुए मास्टर ट्रेनर्स के योगदान को सराहा एवं कहा कि इस गतिविधि का उद्देश्य समाज में संवेदनशीलता का सृजन करना है। कार्यक्रम में मोहन द्विवेदी (दूरदर्शन भोपाल के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर) एवं अभिषेक जैन (कम्युनिकेशन कंसल्टेंटएवं फिल्म मेकर) भी उपस्थित थे। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी ने संसथान के प्राध्यापकों एवं छात्राओं को बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम में सभी अतिथियों के द्वारा कॉमिक बुक का अनावरण किया गया।

## नवनिध एवं मिठी स्कूल में निःशुल्क समर स्पोर्टस कैम्प का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** शहीद हेमू कालाणी एजूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित नवनिध एवं मिठी गोबिंदराम स्कूलों के विद्यार्थियों में खेलकूद एवं शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान एक 'समर स्पोर्टस कैम्प' का आयोजन किया गया है। इस समर कैम्प का 5 जून को समापन किया जाएगा। कैम्प दोनों स्कूलों के स्पोर्टस ग्राउंड्स में लगाया गया है। इस ग्रीष्मकालीन स्पोर्टस समर कैम्प में दोनों स्कूलों के विद्यार्थयों को बास्केट बाल, फुटबाल, वॉलीबाल, बेडमिंटन, एथेलेटिक्स एवं मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण स्कूल के स्पोर्टस टीचर्स और कोच द्वारा दिया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ ने कहा कि आज के युवाओं को इस प्रकार की शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान किया जाए जिससे वे शारीरिक रूप से स्वस्थ बनें जिससे उन्हें भविष्य में अपने जीवन में जिस भी क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त हो तो वे अपना कार्य पूरी ताकत से और मन लगाकर कर सकें। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। विद्यार्थी स्वस्थ होंगे तो पढ़ाई भी अच्छे से कर सकेंगे।

## शिविरों में प्राप्त सभी आवेदन किए स्वीकृत

**भोपाल।** आम नागरिकों की समस्याओं के शत्-प्रतिशत निराकरण तथा शासकीय विभागों से संबंधित सेवाएं आमजन को सुगमता के साथ उपलब्ध कराने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान द्वितीय चरण के तीसरे दिन निगम के 07 वार्ड क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में विभिन्न योजनाओं से संबंधित 583 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से सभी 583 आवेदन स्वीकृत किए गए। शिविरों में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत आयोजित शिविरों में श्रम विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न योजनाओं के संबंध में बड़ी संख्या में नागरिकों ने जानकारी प्राप्त की तथा आवेदन प्रस्तुत किए। शिविरों में विभिन्न योजनाओं से संबंधित 583 आवेदन प्राप्त हुए और सभी 583 आवेदनों को स्वीकृत किया गया। अभियान के चौथे दिन 13 मई को जोन 4 के वार्ड क्र.15 के वार्ड कार्यालय के समीप, जोन 5 के वार्ड 19 के वार्ड कार्यालय के समीप, जोन क्र. 21 के वार्ड 25 के वार्ड कार्यालय के समीप, जोन 8 के वार्ड 30 में 5 नंबर स्थित वाचनालय, जोन 7 के वार्ड 34 स्थित संजीवनी क्लीनिक, जोन 6 के वार्ड क्र. 48 के शाहपुरा वार्ड कार्यालय के समीप स्थित प्राइमरी स्कूल के पास शिविर आयोजित किये जायेंगे।

# जिला न्यायालय परिसर में चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत स्वच्छता अभियान के तहत विशेष साफ सफाई सहित नागरिकों को स्वच्छता हेतु प्रेरित करने के दृष्टिगत अनेक गतिविधियां निगम द्वारा निरंतर संचालित की जा रही हैं। इसी तारतम्य में विशेष स्वच्छता अभियान के तहत जिला न्यायालय में साफ सफाई व कचरा एकत्रीकरण कार्य किया गया। महापौर श्रीमती मालती राय ने स्वयं अदालत परिसर पहुंची और न्यायाधीश व अधिवक्ता व अन्य उपस्थित जन से स्वच्छता संवाद भी किया। महापौर श्रीमती मालती राय के साथ न्यायाधीश व अधिवक्तागण तथा सफाई मित्रों ने श्रमदान किया और पूरे अदालत परिसर की साफ सफाई एवं कचरा एकत्रीकरण किया। इस विशेष स्वच्छता अभियान के तहत शुक्रवार को अरेरा हिल्स स्थित जिला न्यायालय परिसर में विशेष साफ सफाई कार्य एवं कचरा एकत्रीकरण किया गया। दौरान लगभग 11 टन कचरा एकत्रकर निष्पादन स्थल पर पहुंचाया गया। महापौर श्रीमती राय ने उपस्थित जन से स्वच्छता संवाद करते हुए भोपाल शहर को देश का सबसे स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए स्वयं भी स्वच्छता बनाये रखने और अन्य को भी प्रेरित करने का आव्हान किया।

# नयापुरा में पाइप लाइन शिफ्टिंग कार्य में बाधक कब्जे हटाएं: निगमायुक्त

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी ने निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन का निरीक्षण किया और भवन के भूतल, प्रथम एवं द्वितीय तल में प्रचलित एवं प्रस्तावित कार्यों के संबंध में अधिकारियों एवं कंसलटेंट से विस्तारपूर्वक चर्चा की। निगम आयुक्त चौधरी ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण एवं संचालन तथा लिफ्ट स्थापना के संबंध में निगम अधिकारियों एवं कंसलटेंट से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने भवन के बाहरी क्षेत्र में सड़क, नाली निर्माण एवं बाउंड्रीवाल निर्माण सहित अन्य प्रस्तावित कार्यों में गति बढ़ाकर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने कोलार सिक्स लेन प्रोजेक्ट के अंतर्गत नयापुरा में पानी की लाईन शिफ्टिंग कार्य में बाधक मकान मालिको /दुकानदारों को स्वेच्छा से अपने कब्जे हटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री शाश्वत मीणा, मुख्य अभियंता श्री पी.के.जैन, श्री संतोष गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त श्री के.वी.एस. चौधरी ने शुक्रवार को निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन का निरीक्षण किया और भूतल, प्रथम एवं द्वितीय तल में प्रचलित एवं प्रस्तावित कार्यों के संबंध में अधिकारियों एवं कंसलटेंट से विस्तारपूर्वक चर्चा की। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने हरित प्रौद्योगिकी द्वारा जल संरक्षण हेतु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण एवं संचालन तथा वेस्ट वाटर रिसाइक्लिंग, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापना आदि के संबंध में निगम अधिकारी तथा तकनीकि विशेषज्ञ से विस्तारपूर्वक चर्चा की एवं ड्राइंग सहित संपूर्ण कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने निर्देशित किया कि एसटीपी निर्माण हेतु ऐसे स्थान का चयन करें जहां एसटीपी निर्माण के पश्चात उसके ऊपर के स्थान का भी उपयोग किया जा सकें। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने लिफ्ट स्थापना के संबंध में निगम अधिकारियों एवं कंसलटेंट को निर्देशित किया कि लिफ्ट स्थापना हेतु यदि कोई सुधार कार्य आवश्यक हो उसे अभी पूर्ण करें जिससे बाद में किसी प्रकार की तोड़ फोड़ न करनी पड़े। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने भवन में प्रचलित प्रत्येक कार्य का साप्ताहिक कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने तथा कार्ययोजना के अनुसार ही तीव्र गति से कार्य करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने भवन में इलेक्ट्रिक वायरिंग, इंटरनेट, इंटरकॉम की वायरिंग एवं प्लाबिंग कार्य हेतु पाइप डालने तथा बाहरी क्षेत्र में सड़क, नाली निर्माण एवं बाउंड्रीवाल निर्माण सहित अन्य प्रस्तावित कार्यों में गति बढ़ाकर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त श्री चौधरी ने कोलार सिक्स लेन प्रोजेक्ट के अंतर्गत कोलार रोड नयापुरा में डी मार्ट से कोलार थाने तक पानी की लाइनों के शिफ्टिंग कार्य का निरीक्षण किया तथा निगम अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री चौधरी को अधिकारियों ने जानकारी दी कि पाईप लाइनों के शिफ्टिंग कार्य में बाधक उक्त भवन स्वामियों को स्वेच्छा से अपने कब्जे हटाने हेतु अनेक बार समझाइश दी जा चुकी है परन्तु कुछ भवन स्वामियों द्वारा अभी तक अपने कब्जे नहीं हटाए गए हैं। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने पाईप लाइनों के शिफ्टिंग कार्य में बाधक मकान मालिकों तथा दुकानदारों को स्वेच्छा से अपने कब्जे हटाने एवं कार्य में सहयोग करने हेतु समझाइश दी। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने सख्त हिदायत भी दी कि यदि स्वेच्छा से कब्जे नहीं हटाये गये तो निगम प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही करते हुए उक्त कब्जे हटाये जाएंगे।

# विभागीय लक्ष्यों के साथ प्राचार्य स्वयं के लक्ष्यों का भी निर्धारण करें : प्रमुख सचिव

## सीएम राइज़ स्कूल लीडर स्टेप बैक कार्यक्रम का समापन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश के सीएम राइज़ स्कूल लीडर स्टेप बैक कार्यक्रम के तीसरे और अंतिम दिवस प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा रश्मि अरुण शमी ने प्राचार्यों को नवीन सत्र के लिए लक्ष्य निर्धारण का महत्त्व बताया। उन्होने कहा कि सीएम राइज़ विद्यालयों के प्राचार्य विभागीय लक्ष्यों के साथ स्वयं के भी लक्ष्य निर्धारित कर उनका समुचित आकलन करें। जिससे वह जान पाएँगे कि कठिनाइयाँ क्या हैं और उनके निराकरण के लिए क्या प्रयास करने की आवश्यकता है।

समूह कार्य के दौरान सभी स्कूल लीडर्स ने छोटे-छोटे समूहों में चर्चा कर मंथन किया कि उनके द्वारा पूर्व वर्ष में निर्धारित लक्ष्यों, उनकी पूर्ति के लिए किये गये प्रयासों एवं कठिनाइयों का निराकरण किस तरह और अधिक सहजता से किया जा सकता है।

आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव द्वारा आगामी सत्र में लक्ष्य निर्धारण एवं उसकी प्राप्ति के लिए कार्य-योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही सीएम राइज़ विद्यालयों के प्राचार्यों को कम्युनिकेशन की जानकारी दी गई। उन्होंने हितधारकों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ जीवंत संपर्क स्थापित करने पर जोर दिया।

डाटा संग्रह पर केन्द्रित सत्र में संचालक लोक शिक्षण श्री डी.एस. कुशवाह एवं आई.टी. समन्वयक श्री अभिषेक चौहान द्वारा डाटा संग्रह में आने वाली चुनौतियों जैसे स्टाफिंग एवं बोर्ड परीक्षा संबंधी प्रदर्शन विषयक प्रस्तुतिकरण साझा किया गया। वित्त विषयक सत्र में स्कूल शिक्षा विभाग के वित्तीय सलाहकार श्री पंकज मोहन द्वारा वित्त संबंधी चुनौतियों एवं बजटिंग के विषय में प्रस्तुतिकरण दिया तथा वित्तीय नियमों एवं प्रक्रियाओं के तहत सहजता से संपादित की जाने वाली कार्य-प्रक्रिया से अवगत कराया।

ओपन हाउस सेशन में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा प्राचार्यों के प्रश्नों का सहजता से उत्तर दिया गया एवं संचालक श्री डीएस कुशवाह ने आभार माना। कार्यक्रम में संचालक राज्य शिक्षा केंद्र श्री धनराजू एस, संचालक लोक शिक्षण श्री के.के. द्विवेदी सहित सहयोगी संस्थाओं के सदस्य एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, सभी संभागों के संयुक्त संचालक एवं समस्त 274 सीएम राइज़ विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

### कल कुशवाहा समाज के सम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

# राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने अधिकारियों के साथ किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

रविवार को कुशवाहा पटैल समाज के सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आ रहे हैं, जिसको लेकर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कमिश्नर वीरेन्द्र सिंह रावत, आईजी प्रमोद वर्मा, कलेक्टर दीपक आर्य, एसपी अभिषेक तिवारी, जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, नगर निगम आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला सहित अधिकारियों के साथ सभा स्थल पी.टी.सी. ग्राऊन्ड का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों कर्मचारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। गौरतलब है कि पीटीसी ग्राउंड में कल रविवार को होने वाले कुशवाहा पटैल समाज के संभाग स्तरीय सम्मेलन सम्मान समारोह में कल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पीटीसी ग्राउंड में शामिल होंगे। कुशवाहा समाज के महासम्मेलन में समाज के प्रतिभाशाली लोगों का सम्मान किया जाएगा तथा समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह में किया जाएगा जिसको लेकर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के कुशवाहा पटैल समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से अपील की है कि संभाग स्तरीय कुशवाह पटैल समाज के सम्मेलन में शामिल होकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं। श्री राजपूत ने कहा कि भाजपा की सरकार ने बहनों के लिए लाडली बहना योजना चलाई, बुजुर्ग माताओं को पेंशन में वृद्धि की, महिला सशक्तिकरण को लेकर भाजपा द्वारा किए गए कार्य से हमारी माताएं बहने आर्थिक रूप से सशक्त हुई है इसलिए कुशवाहा पटैल समाज सम्मेलन में हमारे घर से माताएं बहने भी शामिल हो। श्री राजपूत ने आग्रह किया कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र के हर घर से हमारे कुशवाहा पटैल बंधु शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# उत्कृष्ट कार्य के लिये आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका होंगी पुरस्कृत

**भोपाल।** आयुक्त महिला-बाल विकास डॉ. राम राव भोंसले ने बताया कि पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को विशेष प्रोत्साहन राशि से पुरस्कृत किया जायेगा। वर्ष 2023 के लिये भारत सरकार ने उत्कृष्ट कार्य करने के लिये विशेष प्रोत्साहन राशि की घोषणा की है। इसमें प्रत्येक परियोजना स्तर पर पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने पर 2 आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा 2 सहायिकाओं को पुरस्कृत किया जाना है। इसमें प्रति आँगनवाड़ी कार्यकर्ता 5 हजार रूपये और सहायिका को 2 हजार रूपये दिये जायेंगे। डॉ. भोंसले ने बताया कि माह अप्रैल-2023 के पोषण ट्रैकर एप की प्रविष्टि के आधार पर आँगनवाड़ी केन्द्र पर साफ-सफाई एवं स्वच्छता प्रबंधन केन्द्रों पर हितग्राहियों के उपयोग के लिये केन्द्र से संबंधित विभिन्न जानकारियों का डिस्प्ले, गृह भेंट की संख्या, केन्द्र में दर्ज हितग्राहियों का आयकर से लिंक का प्रतिशत, हितग्राहियों को सुबह का नाश्ता एवं गर्म पके भोजन का कम से कम 21 दिवस तक वितरण, वृद्धि निगरानी मापन प्रतिशत तथा अन्य कोई नवाचार और बेस्ट प्रेक्टिस जैसे कार्यों के आधार पर आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में 500 जोड़ों का हुआ विवाह



**सागर।** जैसीनगर के मंडी प्रांगण में भव्य मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 500 विवाह हुये जिसमें राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत अपनी धर्मपत्नि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सविता सिंह राजपूत के साथ पहुंचे जहां उन्होंने 500 जोड़ों को नव दांपत्य जीवन में प्रवेश कराया इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि हमारे यहां मान्यता है कि एक कन्या का कन्यादान यज्ञ के बराबर होता है जैसीनगर में तो 500 कन्याओं का एक साथ कन्यादान किया गया जो महायज्ञ के समान है। मुझे खुशी है कि मैं अपने परिवार के साथ इस महायज्ञ में शामिल हुआ। श्री राजपूत ने कहा कि सभी बेटियों को 49 हजार का चैक दिया जायेगा ताकि वह अपने पसंद का घर गृहस्थी का साज और सामान खरीद सकें। भाजपा की सरकार ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना जैसी कई योजनायें चलाई हैं ताकि हमारी मातायें बहनों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि पिछले दिनों राहतगढ़ में इसी तरह का भव्य आयोजन किया गया था जिसमें 409 जोड़ों ने नव दांपत्य जीवन में प्रवेश किया था राहतगढ़ में एक बार पुनः मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत विवाह कराये जायेंगे जो लोग रह गये है वह उसमें अपने बेटा बेटी का विवाह धूम धाम से करा सकते हैं विवाह आयोजन में राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तथा उनकी पत्नि सविता सिंह राजपूत द्वारा सभी नव विवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर शुभकामनायें दी। विवाह समारोह में सभी नव जोड़ों के लिये 49 हजार रूपये का चैक दिया गया तथा श्रीमति सविता सिंह राजपूत द्वारा सभी बेटियों को साड़ी एवं उपहार सामग्री भेंटी की गई। इस अवसर पर सविता सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में सभी बेटियों की शादी धूमधाम से की गई है एक समय था जब माता पिता का बेटी की शादी के खर्च का बड़ा बोझ होता था लेकिन अब यह बोझ भाजपा सरकार ने अपने सिर ले लिया है और बेटियों की शादी धूमधाम से होती है इस अवसर पर सविता सिंह राजपूत ने सभी नव जोड़ों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि हर बेटी सुखी रहे और हर बेटा तरक्की करे।

# शनिवार और रविवार को भी कार्यालय खोले और लंबित प्रकरणों का निराकरण करें: कलेक्टर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




कलेक्टर आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0 की जिला अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री केव्हीएस चौधरी कोलसानी, जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह, एडीएम, एसडीएम और विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शनिवार और रविवार को भी अधिकारी कार्यालय में बैठकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करें। कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवकाश के दिन भी कार्यालय में बैठे और जनसेवा अभियान के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के लिए आवेदकों से फोन पर चर्चा करें, आवश्यक होने पर ऑफिस बुलाए और संतुष्टि के साथ आवेदन का निराकरण करें। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के अंतर्गत आने वाले आवेदनों पर अलग से कार्यवाही करें उसके लिए 15 जून तक का समय निर्धारित किया गया है जो सेवाए तुरंत दे सकते है उनको अनिवार्य रूप से प्रदान किया जाए। शेष में पात्रता अनुसार 15 जून तक कार्यवाही करें। पुराने सभी आवेदनों पर 31 मई तक निराकरण किया जाना अनिवार्य है इसमें लगातार काम किया जाए। सीएम हेल्पलाइन की 15 अप्रैल तक की शिकायतों को अनिवार्य रूप से शून्य करना है। इसके लिए विभागों के जिला अधिकारी विभागीय स्तर कार्यवाही कर प्रकरणों को निराकृत किया जाए।

# एम्स में हुआ राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स में फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग 12 मई, 2023 को फॉरेंसिक मेडिसिन डे के साथ-साथ स्थापना दिवस भी मनाया गया। एक दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन और अपघटन विषय पर सीएमई केका आयोजन किया गया। यह आयोजन फॉरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी में रुचि रखने वाले सभी पेशेवरों और छात्रों के लिए था। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक, उप निदेशक, एफएमटी विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा स्वागत नोट, संबोधन शामिल था, जिन्होंने एम्स भोपाल के फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग की विभिन्न हाइलाइट्स और यात्रा पर चर्चा की। अतिथि वक्ताओं में डॉ. शारदा विश्वेश्वर चन्नारायपटना, सहायक प्रोफेसर, पुरातत्व विभाग, आईआईटी गांधीनगर, डॉ. पंकज श्रीवास्तव, प्रभारी जीव विज्ञान और सीरोलॉजी डिवीजन, आरएफएसएल, भोपाल, और डॉ. डी एस बडकुर, पूर्व निदेशक राज्य मेडिको लीगल इंस्टीट्यूट शामिल थे। प्रो जयंती यादव इन-हाउस फैकल्टी थीं जिन्होंने विघटित निकायों में ऑटोप्सी निष्कर्षों पर एक रोचक व्याख्यान दिया। सम्मेलन में अपघटन से संबंधित विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला थी, जिसमें फोरेंसिक विज्ञान, टैफोनोमी, अपराध स्थल की जांच और शव परीक्षण निष्कर्ष शामिल थे। अपघटन के विषय से संबंधित वैज्ञानिक पोस्टर डॉ कशिफा एस अली, डॉ सुहैल अलीक्कल, डॉ ऋषभ चंदेला, डॉ मृणाल पटनायक और डॉ सिबी विजयकुमार द्वारा प्रस्तुत किए गए थे। सर्वश्रेष्ठ रेजिडेंट अवार्ड डॉ. दिव्य भूषण, सीनियर रेजिडेंट, एफएमटी विभाग, एम्स भोपाल को प्रदान किया गया, जिसके वे पूर्व छात्र भी हैं। एम्स भोपाल के निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. (डॉ.) अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ, एम्स भोपाल के संरक्षण तथा प्रो. डॉ राजेश मालिक के सह-संरक्षण में किया गया।

## नर्सेज दिवस पर विशेष कार्यक्रमआयोजित

**भोपाल।** अंतराष्ट्रीय नर्सेज दिवस 2023 के उपलक्ष्य पर नर्सिंग विभाग एम्स के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक प्रो. अजय सिंह, विशिष्ट अतिथि उपनिदेशक कर्नल अजीत कुमार, उप चिकित्सा अधिक्षक डॉ राघवेंद्र कुमार विदुआ, एसोसिएटेड डीन - नर्सिंग /पैरामेडिकल डॉ सैकत दास, डॉ. लिली पोद्दार -कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके किया। आदरणीय निदेशक महोदय ने संस्थान के समस्त नर्सिंग अधिकारियों को इंटरनेशनल नर्सेज दिवस की शुभकामना दी एवम करुणा -प्रतिबद्धता देखभाल का सन्देश दिया। वंदना कुशवाह -सहायक नर्सिंग अधीक्षक ने अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज सप्ताह के सम्पूर्ण कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

# बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शनों की जांच के लिए चेकिंग अभियान

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इन दिनों निम्नदाब के गैर घरेलू और औद्योगिक (पॉवर) उपभोक्ताओं के परिसरों का व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में उपभोक्ता परिसर में विद्युत भार (लोड) में वृद्धि के प्रकरण पकड़े जा रहे हैं। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे स्वेच्छिक ऑनलाइन आवेदन कर भार वृद्धि करा लें।

**विद्युत भार क्या है:** बिजली कंपनी में नवीन कनेक्शन के लिए जब कोई व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन देता है तो उसके परिसर में भार (लोड) की गणना कर भार निर्धारित किया जाता है। इस प्रक्रिया में नया कनेक्शन देने के लिए बिजली कर्मचारी परिसर का लोड सर्वे करते हैं। यह भार (लोड) विद्युत प्रणाली में जोड़ा जाता है, इसलिए इसे संयोजित भार या कनेक्टेड लोड कहा जाता है।

**भार की सही गणना:** उपभोक्ता को बिजली कंपनी के साथ सहयोग कर भार की सही गणना कराना चाहिए, जिससे विद्युत प्रणाली सुचारू रूप से संचालित की जा सके। उपभोक्ता द्वारा परिसर में कनेक्शन लेने के कुछ अन्तराल बाद कुछ नये विद्युत उपकरणों को स्थापित कर भार बढ़ा लिया जाता है। यह बढ़ा भार बिजली कंपनी के कार्यालय में यदि स्वीकृत नहीं कराया जाता है तो चेकिंग के दौरान भार वृद्धि का प्रकरण बन जाता है और उपभोक्ता को जुर्माना भरना पड़ता है।

**चेकिंग में पकड़े जाने पर जुर्माना:** यदि उपभोक्ता के परिसर में भार वृद्धि का प्रकरण मिलता है तो ऐसे उपभोक्ताओं पर जुर्माना लगाने का प्रावधान है। इसके अनुसार बढ़े हुए भार की अनुपातिक खपत पर दोगुनी दर से शुल्क वसूली का प्रावधान है।

# अमरवाड़ा में ऊर्जीकृत किया 63 एमव्हीए ट्रांसफार्मर, छिंदवाड़ा जिले की पारेषण क्षमता में हुई वृद्धि

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने छिंदवाड़ा जिला स्थित 132 के.व्ही. सबस्टेशन अमरवाड़ा में नया 63 एम.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत कर जिले की पारेषण क्षमता में बढ़ोत्तरी की है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस सफलता के लिए एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों को बधाई दी है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि लगभग 5 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से स्थापित इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से अमरवाड़ा क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को काफी फायदा पहुँचेगा।

अब उन्हें उचित वोल्टेज पर गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिलेगी।सबस्टेशन अमरवाड़ा में बढ़ते हुए लोड के मद्देनजर पूर्व में स्थापित 40 एम.व्ही.ए. क्षमता के ट्रांसफार्मर के स्थान पर अधिक क्षमता के ट्रांसफार्मर की जरूरत महसूस हुई, जिसे देखते हुए एम.पी. ट्रांसको ने सबस्टेशन में नया 63 एम.व्ही.ए. क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। इस ट्रांसफार्मर के लगने से अमरवाड़ा के 132 के.व्ही. सबस्टेशन की क्षमता बढ़ कर 113 एम.व्ही.ए. की हो गई है।

### छिंदवाड़ा जिले की पारेषण क्षमता बढ़कर 1212 एम.व्ही.ए. की हुई

म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालन अभियंता श्री दीपक पारधी ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से छिंदवाड़ा जिले की कुल ट्रांसफार्मेशन क्षमता बढ़ कर 1212 एम.व्ही.ए. की हो गई है। इसमें 220 के.व्ही. साइड 320 एम.व्ही.ए. तथा 132 के.व्ही. साइड 892 एम.व्ही.ए. की स्थापित क्षमता शामिल है। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी, छिंदवाड़ा जिले में अपने 10 सबस्टेशन से विद्युत पारेषण करती है, जिसमें 220 के.व्ही. के एक सबस्टेशन तथा 132 के.व्ही. क्षमता के 9 सबस्टेशन क्रियाशील हैं।

# समर कैम्प में बच्चों को मिल रहा प्रतिभा को निखारने का मौका

## 9 मई से 9 जून तक पुलिस परिवारों के 6 से 15 साल तक के बच्चों के लिए आयोजित किया जा रहा शिविर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



पुलिस परिवार के बच्चों के सर्वांगीण विकास और स्वास्थ्यवर्धन के उद्देश्य से 7वीं वाहिनी, भोपाल के कमांडेट श्री अतुल सिंह के दिशा-निर्देशन में दिनांक 9 मई से 9 जून 2023 तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 6 साल से 15 साल तक के बच्चों के लिए आयोजित किए जा रहे इस शिविर में बच्चों को व्यक्तित्व विकास और अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा।

समर कैंप में भोपाल के पुलिस आवासीय परिसरों जैसे शौर्य परिसर, महालक्ष्मी परिसर, रूस्तम जी आवासीय परिसर, आम बगिया परिसर, दूध डेयरी लाइन परिसर सहित 18 कॉलोनियों में निवासरत पुलिस परिवार जन के 250 बच्चे भाग ले रहे है। यहां विभिन्न खेल गतिविधियों का अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। पुलिस परिवार के बच्चे धमाल और मस्ती के बीच कुछ नया सीखने के उत्साह के साथ एक माह तक समर कैंप में हिस्सा लेते नजर आ रहे हैं और क्रिएटिव एक्टिविटी भी सीख रहे हैं। 7वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री अतुल सिंह का कहना है कि समर कैंप के आयोजन से पुलिस परिवार एवं उनके बच्चों में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति सजगता एवं जागरूकता की भावना निर्मित होगी।

समर कैंप में सुबह 8 से 10 बजे तक बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों जैसे आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, स्पोकन इंग्लिश आदि का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विषय विशेषज्ञों द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन किया जा रहा है। इसके साथ ही शाम 4:30 से 6:30 बजे तक अनेक खेलों जैसे फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कराते आदि का बच्चों की रूचि के अनुसार आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न खेलों के राज्य स्तर के स्पोर्टस कोच भी नियुक्त किए गए हैं। समर कैम्प में बच्चों के आने-जाने के लिए बस की व्यवस्था की गई है साथ ही बच्चों के रिफ्रेशमेंट के लिए सुबह-शाम केले एवं नींबू पानी का वितरण किया जा रहा है। समर कैंप में बच्चे पूर्ण उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं, जिससे प्रतिदिन बच्चों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। समर कैंप के सफल आयोजन हेतु 7वीं वाहिनी के सेनानी श्री अतुल सिंह के मार्गदर्शन में टीम बनाई गई है।

स म्पा द की य

# सवाल और विवाद अभी बाकी है

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के सत्ता संघर्ष को लेकर जो ताजा फैसला दिया, वो पक्ष-विपक्ष दोनों को खुश कर गया है, परंतु कुछ सवाल अभी भी बाकी रह गए हैं और विवाद भी चलेगा। कब तक, यह नहीं कहा जा सकता। और इन सवालों के जवाब भी शायद ही मिलें। फिलहाल सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान में दिए गए कुछ अधिकारों की जो व्याख्या की है, वह आगे लोकतंत्र के लिए नजीर बन सकती है।

फैसले से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट इसलिए प्रसन्न है क्योंकि उसकी सरकार बच गई। उद्धव ठाकरे गुट इसलिए खुश है क्योंकि उसे कानूनी लड़ाई का एक और आधार मिल गया। शिवसेना किसकी, इस पर लड़ाई जारी रहेगी। गेंद स्पीकर और चुनाव आयोग के पाले में है। अदालत ने राज्यपाल, विधानसभा स्पीकर और चुनाव आयोग तीनों के संवैधानिक अधिकारों को बहुत स्पष्ट रूप से परिभाषित किया है और उनमें किसी तरह के हस्तक्षेप से अपने को दूर रखा है।

यह जरूर है कि अदालत ने पूर्व राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी की भूमिका को स्पष्ट रूप में गलत कहा है, लेकिन अब चूंकि वह पद पर नहीं हैं इसलिए मामला यहीं खत्म हो गया। कुछ ऐसा ही पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ है। वह सदन का सामना करने से पहले ही इस्तीफा दे चुके थे। इसलिए उन्हें फिर से पद पर बहाल करने का प्रश्न ही नहीं रहा। फिर भी झगड़ा खत्म नहीं हुआ है। स्पीकर और चुनाव आयोग के स्तर पर अब नई कानूनी लड़ाई शुरू हो जाएगी। और यहां चुनाव आयोग से सही न्याय की उम्मीद लगभग न के बराबर ही है, क्योंकि यदि चुनाव आयोग पहले ही सही फैसला देता, तो सुप्रीम कोर्ट तक जाने का सवाल ही नहीं उठता था।

एक सवाल तो यह उठता है कि भले ही उद्धव ने इस्तीफा दे दिया था, लेकिन शिंदे की सरकार तो सुप्रीम कोर्ट के हिसाब से गलत तरीके से चुनी गई, तो फिर उसे बहाल क्यों रखा गया? लोगों की सोच है कि उसे भंग किया जा सकता है। और, इससे हटकर सबसे बड़ा मुद्दा है, शिवसेना किसकी? यहां चुनाव आयोग का पिछला फैसला मुख्य मुद्दा होगा। आयोग ने शिवसेना और उसका चुनाव चिह्न तीर-कमान शिंदे गुट को सौंप दिया था। इसे सुप्रीम कोर्ट ने सही नहीं माना। कोर्ट का कहना है कि असली शिवसेना तय करते समय जो पैमाना अपनाया गया, वह अपर्याप्त है। आयोग ने अधिकतर सांसद, विधायक और नगरसेवक शिंदे के पक्ष में होने के कारण उनके गुट को असली शिवसेना माना है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब उद्धव ठाकरे के लिए आयोग के समक्ष पुनर्विचार याचिका दायर करने का द्वार खुल गया है।

उद्धव गुट को सबसे पहले यह मामला विधानसभा स्पीकर के सामने उठाना होगा क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे मामलों में स्पीकर के अधिकारों की पुनर्पुष्टि की है। एकनाथ शिंदे समेत 16 विधायकों की अयोग्यता के मामले पर भी स्पीकर को ही फैसला करना होगा। नए स्पीकर राहुल नार्वेकर बीजेपी के हैं। उन्होंने शिंदे गुट के भरत गोगावले को विप के रूप में मान्यता दे दी थी। वह फैसला गलत करार दिया गया, लेकिन फैसला करने का उनका अधिकार बरकरार है।

ऐसे में शिवसेना का व्हिप कौन, यह अब स्पीकर को तय करना है। उन्हें सबसे पहले असली शिवसेना पार्टी और उसके विधायक दल को मान्यता देनी होगी। इसके लिए दोबारा सुनवाई करनी होगी। संसदीय लोकतंत्र में व्हिप का पद बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। वही पार्टी विधायकों को किसी प्रस्ताव के पक्ष या विपक्ष में वोट देने के निर्देश देता है। इस निर्देश को न मानने वाले विधायक अयोग्य करार दिए जा सकते हैं।

कोर्ट ने स्पीकर के लिए इस बारे में कोई समय सीमा तय नहीं की है। केवल 'उचित समय' में निर्णय करने का निर्देश दिया है। मणिपुर में ऐसा ही मामला दो साल तक लंबित रहा था। इसलिए ऐसा माना जा रहा है कि स्पीकर इसे लंबित ही रखेंगे। अब उद्धव गुट फिर से सुप्रीम कोर्ट की ही शरण ले सकता है, क्योंकि चुनाव आयोग अपने फैसले को पलटने से रहा, जबकि उसके गलत निर्णय के कारण ही न केवल विवाद बढ़ा, अपितु सुप्रीम कोर्ट को सख्त फैसला देना पड़ा। चुनाव आयोग की भूमिका और निष्पक्षता, दोनों ही सवालों के कटघरे में है। हां, शिवसेना संगठन को लेकर उद्धव को न्याय की उम्मीद हो सकती है, जबकि स्पीकर चूंकि सत्तापक्ष का है, इसलिए वह अपनी भूमिका कोर्ट के अनुसार सही निभाएगा, इसमें संदेह ही है। सो विवाद तो जारी रहेगा और सवाल भी उठते रहेंगे। न्याय की जीत हुई, पर अधिकार नहीं मिला।

# फिल्मी जोड़ियों का प्यार, परिवार को नहीं स्वीकार

**हेमंत पाल**

सिनेमा के कथानक लम्बे अरसे तक प्रेम कहानियों पर केंद्रित रहे। आज भी कोई फिल्म नायक-नायिका के प्रेम के किस्सों के बिना पूरी नहीं होती। जिस फिल्म के कथानक में प्रेम के लिए कोई जगह नहीं होती, वहां भी कोई कहानी रच ही दी जाती है। क्योंकि, प्रेम के किस्से सभी दर्शकों की पसंद होते हैं। किसी भी दौर का सिनेमा रहा हो, प्रेम कहानियां हमेशा हिट रही हैं। कभी छुपकर प्यार दिखाया गया तो कभी खुलेआम। ऐसे प्रयोगों में कुछ सफल हुए, तो कुछ ने बगावत की। सिनेमा के हर दशक में कोई न कोई ऐसी जोड़ी जरूर बनी, जिसने दर्शकों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। लेकिन, परदे पर कई बार नकली प्रेम कहानियों को अभिनीत करने वाले कलाकारों की जिंदगी में भी प्रेम की कमी नहीं होती। परदे पर प्रेम का स्वांग रचते-रचते ये कलाकार असल जिंदगी में भी प्रेम के बंधन में बंध जाते हैं! लेकिन, इनकी असल जिंदगी में सिनेमा की तरह प्रेम का सुखद अंत नहीं होता। ऐसे कई किस्से हैं, जब इन कलाकारों का प्रेम परवान नहीं चढ़ सका! कभी परिवार आड़े आया, कभी सामाजिक कारणों ने इनके प्रेम को एक नहीं होने दिया और कभी किसी तीसरे ने बीच में आकर प्रेम को खंडित कर दिया।

परदे की दुनिया में सबसे रोमांटिक हीरो रहे देव आनंद। अपने ज़माने के इस हैंडसम एक्टर की एक झलक पाने को लड़कियां बेताब रहती थीं। इस कलाकार ने रील के साथ रियल लाइफ में भी कई नायिकाओं से मोहब्बत की। देव आनंद और सुरैया का प्रेम तो उस दौर में ख़बरों में छाया रहा। एक फिल्म की शूटिंग के दौरान सुरैया पानी में गिरी थीं, तो देव आनंद ने उनकी जान भी बचाई थी। लेकिन, अलग-अलग धर्मों के होने के कारण उनका प्यार शादी तक नहीं पहुंचा। क्योंकि, सुरैया की नानी आड़े आ गईं। उसे सुरैया का देवानंद से मिलना पसंद नहीं था। सुरैया को देव आनंद में अपने पसंदीदा हीरो ग्रेगरी पैक की छवि नजर आती थी। देव आनंद ने सगाई की अंगूठी तक बनवा ली, पर वे उसे सुरैया की उंगली में नहीं पहना सके! वैसे देव आनंद ने शादी तो कल्पना कार्तिक से की, पर उनके अफेयर के किस्सों में जीनत अमान और टीना मुनीम का भी नाम रहा।

अशोक कुमार और देविका रानी की प्रेम कहानी का भी अलग अंदाज रहा। देविका रानी को सिनेमा जगत की फर्स्ट लेडी कहा जाता है। दर्शक उनकी मासूमियत के दीवाने थे। देविका और हिमांशु राय ने मिलकर बॉम्बे टॉकीज की स्थापना की थी। लेकिन, धीरे-धीरे देविका और हिमांशु की शादी में खटास आने लगी। 1935 में आई बॉम्बे टॉकीज की फिल्म 'जवानी




की हवा' के हीरो नजम-उल-हसन से देविका रानी की आंख लड़ गई। सालभर बाद 1936 में हसन की दूसरी फिल्म 'जीवन नैया' की शूटिंग के दौरान ये प्यार इतना बढ़ा कि दोनों फिल्म छोड़कर कलकत्ता भाग गए। इसके बाद हसन को फिल्म से निकाल दिया गया और नए हीरो के रूप की तलाश शुरू हुई। इसके बाद कुमुदलाल कुंजीलाल गांगुली की किस्मत पलटी और वे परदे पर अशोक कुमार बन गए। देविका रानी की अशोक कुमार के साथ 'जीवन नैया' बनी और रिलीज हुई। फिर आई 'अछूत कन्या' (1936) जिसने इतिहास बना दिया। परदे नायक और नायिका असल जिंदगी में भी नजदीक आए। दोनों के खूब किस्से भी चले, लेकिन दोनों की प्रेम कहानी परवान नहीं चढ़ सकी। अशोक कुमार का नलिनी जयवंत और निरूपा राय के साथ भी नाम जुड़ा।

सिनेमा में जो लोकप्रियता दिलीप कुमार और मधुबाला को मिली, उसे पाने के लिए आज के कलाकार भी तरसते हैं। दिलीप कुमार अपनी अदाकारी, संवाद अदायगी और मधुबाला अपनी खूबसूरती से चर्चित थी। उन्हें तो फिल्म इतिहास की सबसे सुंदर अभिनेत्री होने का ख़िताब भी मिला। मधुबाला ने कई फिल्मों में काम किया, लेकिन 'मुगल-ए-आजम' उनकी सबसे हिट फिल्म थी। फिल्म में दिलीप कुमार के साथ उनकी जोड़ी को पसंद किया गया था। रियल लाइफ में भी दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते थे। मगर मधुबाला के पिता को यह मंजूर नहीं था। मधुबाला पर निगाह रखी जाने लगी, फिर भी प्रेम को रोका नहीं जा सका। आखिर एक दिन दिलीप कुमार ने मधुबाला से कहा कि शादी तो होगी, मगर शादी के बाद उसे अपने पिता से संबंध तोड़ना होगा। इसे मधुबाला ने यह स्वीकार नहीं किया। अंततः यह प्रेम कहानी भी खत्म हो गई।

बाद में मधुबाला और दिलीप दोनों की जिंदगी में नए लोगों ने दस्तक दी। दिलीप कुमार ने 22 साल छोटी अभिनेत्री सायरो बानो से शादी कर ली। लेकिन, मधुबाला से प्यार को फिल्म इतिहास भी कभी भुला नहीं पाया। दिलीप कुमार ने अपनी आत्मकथा 'दिलीप कुमार- द सब्स्टेंस एंड द शैडो' में भी मधुबाला का जिक्र किया गया है। इसके अलावा दिलीप कुमार और वैजयंती माला के रोमांस के किस्से भी खूब चर्चा में आए। 'गंगा जमुना' के बाद तो दिलीप कुमार उन्हें अपनी हर फिल्म में देखना चाहते थे। लेकिन, वैजयंती माला को चाहने वाले भी कम नहीं थे। 'संगम' के समय राजकपूर भी वैजयंती माला से प्रेम कर रहे थे। एक पार्टी में तो वह वैजयंती माला को लेकर राजेंद्र कुमार से भी भिड़ भी गए थे। हालांकि, वैजयंती माला ने किसी हीरो से नहीं बल्कि एक डॉक्टर से शादी की।

राज कपूर और नर्गिस वे नामचीन कलाकार थे, जिनकी परदे और परदे से परे की मोहब्बत को आज भी याद किया जाता है। 'आवारा' के निर्माण के दौरान दोनों का प्रेम पनपा। इनकी कई फिल्में साथ आई। राज और नर्गिस के रोमांस की चर्चा इतनी हो गई कि कपूर परिवार तक उसकी आंच पहुंची। राज कपूर की पत्नी तो एक बार बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। आरके बैनर के लोगो में भी राज कपूर और नर्गिस का सीन आज भी जीवित है। लेकिन, इनके प्रेम का अंत भी दुखद रहा। नर्गिस ने 'मदर इंडिया' के बाद सुनील दत्त से शादी कर ली और ये किस्सा यहीं ख़त्म हो गया।

गुरुदत्त और वहीदा रहमान की प्रेम कहानी भी अलग ही रही। गुरुदत्त ने ही उन्हें 'सीआईडी' में पहला ब्रेक दिया था। दोनों संपर्क में आए और फिर वहीदा को गुरुदत्त से प्यार हो गया। गुरुदत्त को भी वहीदा 'चौदहवीं का चांद' नजर आईं। गीता दत्त उनकी पत्नी थी और इस प्रेम कहानी का उनके परिवार पर भी असर पड़ा। कहा जाता है कि इसी वजह से उनका परिवार भी टूटा और गुरुदत्त भी प्रेम में डूबते चले गए। इन हालतों ने उन्हें गहरी उदासी में धकेल दिया और बाद में गुरुदत्त ने आत्महत्या कर ली। माना जाता है कि उनकी आत्महत्या के पीछे कहीं न कहीं प्रेम की असफलता ही कारण रहा।

नए ज़माने की खंडित प्रेम कथाओं में अमिताभ और रेखा की जोड़ी सबसे ज्यादा चर्चित रही। लेकिन, दोनों ने कभी इस बात को खुलकर स्वीकार नहीं किया। पर, फिल्म 'सिलसिला' ने इस पूरी कहानी को बयां कर दिया। रेखा और अमिताभ की जोड़ी ने कई हिट फिल्में दीं। इन दोनों के बीच प्यार के चर्चे भी हर जुबान पर थे। इन दोनों के बीच अफेयर की वजह से अमिताभ और जया का दांपत्य जीवन भी कुछ समय के लिए कलह से गुजरा। इधर, सलमान खान और ऐश्वर्या रॉय का प्रेम भी लंबे समय तक ख़बरों में बना रहा। बाद में यह जोड़ी भी बिखर गई। वजह बताई गई कि कोई तीसरा इनके बीच आ गया था। शाहिद कपूर और करीना कपूर के प्रेम की चर्चा भी खूब रही। फिल्म 'जब वी मेट' की शूटिंग के दौरान दोनों के बीच खटास आने लगी और धीरे-धीरे ये लव स्टोरी का अंत हो गया। दोनों एक नहीं हो सके और फिर करीना की जिंदगी में सैफ अली आ गए।

इसके अलावा सिनेमा जगत में परदे से परे कुछ और जोड़ियां भी ऐसी बनी, जिनके प्रेम के किस्से तो चर्चित हुए, पर इनको मुकाम नहीं मिला। संजय दत्त और माधुरी दीक्षित को लेकर भी चर्चा थी कि दोनों शादी करने वाले हैं। नाना पाटेकर और मनीषा कोईराला के बारे में भी 'अग्निसाक्षी' के बाद यही हवा उड़ती रही। मनीषा चाहती थीं कि नाना पत्नी को तलाक दे दें, मगर ऐसा हुआ नहीं और इनकी लव स्टोरी ने दम तोड़ दिया। मिथुन चक्रवर्ती और श्रीदेवी कहानियां भी लंबे अरसे तक चली। फिल्म निर्देशक महेश भट्ट और अभिनेत्री परवीन बाबी के बीच भी मोहब्बत थी। महेश भट्ट ने तो पत्नी को छोड़कर परवीन के साथ रहना भी शुरू कर दिया था। लेकिन, परवीन बाबी की सेहत बिगड़ने से बात नहीं बनी। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण को भी सबसे चर्चित जोड़ी माना जाता था। दीपिका ने तो रणबीर के नाम का टैटू तक बनवाया था। लेकिन, ये लव स्टोरी का सुखद अंत नहीं हुआ। रणवीर कपूर और कैटरीना कैफ के जोड़ी बनने की उम्मीद की गई थी। दरअसल, रील लाइफ वालों के जीवन में रियल लाइफ की प्रेम कथाएं कालजयी हैं। जब तक फ़िल्में हैं, परदे पर भी प्रेम छाया रहेगा और परदे से परे भी ये सिलसिला चलता रहेगा!

# अगर यह ज़रा भी सच है, तो शर्मनाक है

**-राकेश दुबे**

राजधानी दिल्ली से जो गम्भीर खबर सूत्र बता रहे हैं, यदि उसमें थोड़ी भी सत्यता है, तो सरकार का यह रवैया कहीं से भी उचित नहीं है। दिल्ली में एक लडक़ी के साथ गैंगरेप हुआ था, समाज इस घटना से आक्रोशित था। राजधानी की जनता ने प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर अपराधियों को सजा-ए-मौत देने की मांग के लिए कूच किया था। सरकार ने इतना पुलिस बल लगा दिया था कि प्रधानमंत्री कार्यालय में चिड़िया भी पर नहीं मार सकती थी। जन सैलाब इतना ज्यादा था कि काफी लोग नॉर्थ ब्लॉक परिसर में घुस गए थे। पुलिस ने भीड़ पर भीषण ठंड में पानी की बौछारें मारी, आंसू गैस के गोले दागे और अंत में भयंकर लाठीचार्ज भी किया, लेकिन जनचेतना ऐसी कि बावजूद इसके भीड़ टस से मस नहीं हो रही थी।

पुलिस की इस नाकामी पर गृहमंत्री ने पुलिस के आला अफसरों की अर्जेन्ट बैठक बुलाई और कहा - 'आप लोग कानून और व्यवस्था बनाने में नाकाम रहे। क्या पुलिस जनता का मुंह देखने के लिए होती है? कल प्रधानमंत्री को कुछ हो जाता तो मैं क्या जवाब देता?' एक पुलिस अधिकारी हिम्मत करके बोला-'सर, हमने भरसक प्रयत्न किया कि भीड़ तितर-बितर हो जाये, लेकिन कॉज ऐसा था कि जन आक्रोश थामे नहीं थम रहा था। फिर भी हमने अपनी पूरी क्षमता से भीड़ को रोकने का पूरा प्रयास किया।लोकतंत्र में अरेस्ट भी कितने लोगों को किया जाता? वहां तो हर नौजवान गिरफ्तारी के लिए तैयार था।' मंत्री जी दहाड़े 'तुम मुझे समझा रहे हो। इतना दुस्साहस कि मेरे सामने बोलो। चौबीसों घण्टे पुलिस सुस्ताती है और मुफ्त में पेट भरती है और काम के वक्त पीठ दिखाकर पथराव से डरकर भाग लेती है। क्या यही पुलिस नौकरी है? तुम्हें और सख्ती से पेश आना चाहिए था। ऐसे तो देश का कानून और व्यवस्था से विश्वास उठ जाएगा। दूसरे आला अफसर ने कहा-'वह क्या था सर, इतने बड़े मोब में हम और क्या कर सकते थे?' गृहमंत्री लाल-पीले हो गए, बोले -'यह मैं बताऊंगा कि आप क्या करें? पुलिस बलों से काम लेना ऑफिसर्स की ड्यूटी है। मेरे पास अकेली राजधानी नहीं, पूरे देश का लॉ एंड ऑर्डर है। मुझे हजार काम देखने होते हैं।मैं तुमसे पूछता हूं, तुमने गोली क्यों नहीं चलाई?' 'सर, यह आप क्या कह रहे हैं, निर्दोष जनता पर गोली चलाने का कोई कारण भी तो पैदा हो। रैली का प्रदर्शन था और रेप पीड़िता के लिए न्याय की मांग थी, इसमें गोली चलाकर व्यर्थ में दस-बीस लोगों की जान क्यों लेनी थी?

सूत्रों से आया यह विवरण और घटनाक्रम के बाद की बैठक की बात सही है, तो प्रश्न सरकार की जनता के प्रति जवाबदेही का है। शायद बेटी बचाओ का नारा उन लोगों के मुंह से अच्छा नहीं लगता जो जानते-बूझते और सोच-समझकर राजनीतिक लाभ के लिए सजायाफ्ता बलात्कारियों को मुक्त करते हैं। बेटी बचाओ तब भी एक जुमला ही दिखता है जब खेल के क्षेत्र में देश का नाम रोशन करने वाली हमारी राष्ट्रीय नायिकाओं को शोषण करने वाले भाजपा सांसद के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर धरने पर बैठना पड़ता है।इस सांसद के खिलाफ भाजपा कोई कदम उठाने से शायद इसलिए कतरा रही है क्योंकि इसे पूरे मामले में राजनीतिक लाभ मिलने की उम्मीद दिखती है। शायद यही कारण है कि वह खिलाड़ियों की तरफ से आंखें मूंदे हुए है, और एक तरह से बेटियों के शोषण को बढ़ावा ही दे रही है। फिर भी यह बेटी बचाओ का नारा लगाती है, लेकिन अदालत में इस बात पर चुप रहती है कि आखिर उसने बलात्कारियों को क्यों रिहा कर दिया? जाहिर है, यह ईमानदारी से अपना असली चेहरा दिखाने में करता रही है।

कितने लोकतांत्रिक देश होंगे जहां यह राजनीतिक लफ्फाजी देश की वास्तविकता से अलग है? कोई वास्तव में इसके बारे में सोच भी नहीं सकता है। बेशक पाखंड और झूठ सभी राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा हैं और यही कारण है कि बहुत से लोग खुद को इससे दूर ही रखते हैं। इस स्तर की झूठी धर्मपरायणता और पुण्य का लाभ सभी को नजर आ रहा है। इस मामले में हम अकेले ही ऐसे देश हैं शायद। इसीलिए हमें इसके बारे में भी बात करनी होगी।

# झूठ बोले कौआ काटेः शीशमहल की आंच, सुलगे सवाल

**रामेन्द्र सिन्हा**

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के आलीशान बंगले को लेकर चलाए गए टीवी शो 'आपरेशन शीशमहल' की गाज 'आप' की सरकार ने जिस तरह चैनल की निरीह रिपोर्टर, कैमरामैन और ड्राइवर पर लुधियाना में गिराई उसने शासन-प्रशासन, पुलिस और अधीनस्थ न्यायपालिका की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न तो उठाए ही हैं, लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को भी ऐसे अप्रत्याशित खतरों से सावधान किया है। ऐसी चुनौतियों के लिए मीडियाकर्मियों के प्रशिक्षण-संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है।

अंतरिम जमानत पर रिहा होने के बाद टाइम्स नाउ की महिला पत्रकार भावना किशोर और उनके साथ बंद सहकर्मियों ने 5 मई, 2023 के घटनाक्रम और हिरासत में 4 रातें बिताने के दौरान पंजाब पुलिस की प्रताड़ना का जो मंजर मीडिया को बताया वह स्तब्ध करने वाला है।

भावना ने बताया कि हिरासत के दौरान उनसे दरवाजा खोलकर वॉशरूम जाने को कहा गया। उनकी जाति को लेकर सवाल पूछा गया। उन्होंने बताया, 卐पुलिस ने बोला रात के एक बजे आपका मेडिकल होगा। आपको मजिस्ट्रेट के सामने पेश होना है। मुझे कानून का इतना दांवपेंच नहीं पता था। मेरी तबीयत खराब हो रही थी। घबराहट हो रही थी। जो उन्होंने दिया मैंने खाया। ड्राइवर और कैमरापर्सन ने भी थोड़ा सा खाया। मैं बहुत पानी पी रही थी, क्योंकि मैं नर्वस महसूस कर रही थी। जब मैं वॉशरूम गई तो मेरे साथ 2-3 महिला कॉन्स्टेबल भी थीं। पुलिस स्टेशन में बिजली या पानी नहीं था।

अपनी प्रताड़ना की कहानी बताते हुए भावना रोने लगीं। उन्होंने बताया, मैंने दरवाजा खोलकर वॉशरूम किया। मुझे नहीं आई शर्म, क्योंकि उस वक्त मैं इतने प्रेशर में थी।

भावना ने यह भी बताया कि उन्हें नहीं बताया गया था कि वह गिरफ्तार हो चुकीं हैं। इसलिए वह एक पुलिस अफसर से बार-बार विनती कर रहीं थीं कि उन्हें घर जाने दिया जाए। इस पर पुलिस अफसर ने कहा, भावना मैं हाथ जोड़कर तुमसे माफी मांगता हूं। तुमने अब तक बहुत हिम्मत दिखाई है। मेरी दो बेटियां हैं। मैं घर जाकर उनसे क्या बोलूंगा मुझे यह नहीं पता। लेकिन मुझे पता है कि मैं अपनी ड्यूटी के साथ ईमानदारी नहीं कर रहा हूं। भावना तुमने जो खबर चलाई है उसे हटाओ बात करके। ये सरकार है, तुम कभी जीत नहीं पाओगी।

भावना का दावा है कि पुलिस अफसर ने उनसे कहा था कि उनके ऊपर बहुत प्रेशर है। साथ ही उनसे दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के बंगले को लेकर किए गए खुलासे 'ऑपरेशन शीशमहल' को हटाने के लिए कहा था। भावना का यह भी दावा है कि पुलिस ने उनसे और उनके दोनों सहयोगियों से उनकी जाति भी पूछी थी। जब भावना ने उन्हें बताया कि वह ओबीसी वर्ग से हैं तो पुलिस ने उनसे कहा कि नहीं तुम सामान्य वर्ग से हो।

उन्होंने आगे कहा है कि इसके बाद वहां मौजूद लोगों में से एक व्यक्ति ने कहा कि उन पर एससी/ एसटी एक्ट लगाने की तैयारी हो रही है। भावना किशोर का यह भी कहना है कि उन्हें पहले कहा गया था कि चाय-पानी के लिए (थाने) ले जाया जा रहा है। सीएम भगवंत मान के जाने के बाद छोड़ दिया जाएगा। लेकिन, फिर सारी चीजें बदल गईं।

कैमरामैन मृत्युंजय ने बताया, उन्हें और उनके साथी ड्राइवर परमिंदर को टॉयलेट के पास सुलाया गया। इतना ही नहीं, उनसे एफआईआर पर जबरन साइन भी करवाए गए। मृत्युंजय ने बताया कि जब उन्हें मेडिकल के लिए ले जाया गया तो उन्हें डर लग रहा था। उन्होंने बताया, पुलिस का उन दोनों के साथ व्यवहार अच्छा नहीं था। उन्होंने बताया, हम लोगों ने पहले दिन सूखी रोटी खाई। 9-साढ़े नौ बजे पुलिस वालों ने हमसे पूछा कि हम लोगों की कास्ट क्या है। एफआईआर पर हम लोग साइन नहीं कर रहे थे, कहा गया था अगर नहीं करोगे तब भी तुम लोग फंसोगे। सोने के लिए हमें बाथरूम के पास जगह दी गई, जहां हमारा कंबल तक पूरी तरह से भीग गया था। मृत्युंजय ने बताया कि हम लोगों को जहां पर रखा गया था, वहां काफी गंदगी थी। हम लोगों को पानी दिया गया। उसी पानी को पीना और नहाना था और टॉयलेट भी उसी से जाना था।

झूठ बोले कौआ काटेः 'ऑपरेशन शीश महल' में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के नवीनीकरण में किए गए अति-भव्य और आय से अधिक खर्च के खुलासे दनादन रोज हो रहे थे। मामला तूल पकड़ रहा था। इसी दौरान, 5 मई को केजरीवाल और पंजाब के सीएम भागवत मान द्वारा लुधियाना में आयोजित 'आप' के आयोजन को कवर करने के लिए टाइम्स नाउ नवभारत चैनल को भी आमंत्रित किया गया। फिर, दिल्ली से कवरेज के लिए गई टीम को लुधियाना पुलिस ने तेज गति से गाड़ी चलाने और दलितों का अपमान करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

इस पूरे घटनाक्रम से भारत में राजनीतिक दलों और उनकी सरकारों, प्रशासन-पुलिस तथा अधीनस्थ न्यायपालिका की कार्यशैली-नीयत पर प्रश्नचिन्ह लगा है। एक महिला रिपोर्टर को कार में महिला पुलिसकर्मियों की उपस्थिति के बिना अवैध रूप से हिरासत में लिया गया था। भावना के साथ गए पुरुष पुलिस ने नाम का बिल्ला नहीं पहना था, जो ड्यूटी पर एक अनिवार्य आवश्यकता है। जबकि परिवार के सदस्यों को एक व्यक्ति के हिरासत के बारे में तुरंत सूचित किया जाना है, इस नियम की भी धज्जियां उड़ाई गईं और भावना के परिवार को केवल 10ः41 बजे सूचित किया गया।

यही नहीं, सूर्यास्त के बाद किसी महिला को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। लेकिन, भावना को न केवल रात 8ः55 बजे गिरफ्तार किया गया, बल्कि उसे रात से लेकर अगले दिन दोपहर तक थाने में भी रखा गया। उन्हें किसी भी कानूनी या टेलीफोन सुविधा से भी वंचित कर दिया गया था। उन्हें उनकी इच्छा के विरुद्ध और भाषा के ज्ञान के बिना गुरुमुखी में लिखे कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया।

जिक्र जरूरी है कि गिरफ्तारी मामले में अंतरिम जमानत पर सुनवाई करते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि उसने भावना के अलावा ड्राइवर और कैमरामैन को गिरफ्तार क्यों किया?

पंजाब की मान सरकार ने न एससी-एसटी एक्ट का मान रखा न स्वयं का। यहां तक कि शुरूआती सुनवाई में एडवोकेट जनरल तक को लगा दिया कि किसी तरह इन निरीह मीडिया कर्मियों की जमानत न हो। ऐसा नहीं है कि भारत में पत्रकारों के उत्पीड़न की यह कोई पहली घटना है। लेकिन, राजनीति-सिस्टम, समाज में इतनी गिरावट, नैतिकता का इतना पतन दो दशक पहले तक नहीं था। वीर बहादुर सिंह जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, इस स्तंभ लेखक ने उन पर भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर दिल्ली की एक नई उभरती हुई पत्रिका में स्टोरी की थी। विधान परिषद में हंगामे के बाद मेरे सहित संपादक, प्रकाशक सभी के विरूद्ध विशेषाधिकार हनन का नोटिस जारी हुआ। हमने कानूनी तरीके से सामना भी किया लेकिन कभी परोक्ष-अपरोक्ष धमकी-साजिश या किसी उत्पीड़न का शिकार नहीं होना पड़ा। वीर बहादुर सिंह चतुर राजनीतिज्ञ थे, उतने ही सहज भी कि मुख्यमंत्री बनने के बावजूद लखनऊ के काफी हाउस में आम आदमी की तरह ही पत्रकारों के साथ बैठकी करते थे। तब और अब में यही फर्क है।

इसी प्रकार, देवरिया के धार्मिक स्थलों पर तीन दशक पहले सीरीज में छप रही मेरी रपटों में से एक को लेकर एक समुदाय विशेष ने स्वतंत्र चेतना अखबार के बंडल फूंक दिए और गोरखपुर में मालिक-संपादक पर खूब दबाव बनाया कि खंडन प्रकाशित हो। परंतु, रामचंद्र गुप्ता जैसे जीवट व्यक्तित्व ने मेरे स्टैंड का समर्थन किया कि खंडन यदि मैं भेजूंगा, तभी छपेगा। न कोई आया न मैंने खंडन भेजा। कहने का तात्पर्य मात्र ये है कि दो-तीन दशक पहले तक राजनीति और समाज में इतनी नैतिकता बची हुई थी कि सच लिखने पर आपके जीने के अधिकार पर डाका डालने में लोग डरते थे। लेकिन, आज भ्रष्टाचार और सच को उजागर करने का मतलब स्थानीय अफसरशाही, राजनीतिक नेताओं और गुंडों से दुश्मनी मोल लेना है।

ऐसे में मीडिया कर्मियों की सुरक्षा-संरक्षण और उनका पेशागत प्रशिक्षण मौजूदा समय की मांग है। पहले ये यह काम पत्रकारो के संग़ठन करते थे। लेकिन ठेकेदारी की प्रथा के विकसित होने के बाद पत्रकारिता की दुनिया मे यूनियन नाम मात्र की ही रह गई है। पत्रकारों, उनके परिजनों की सुरक्षा एवं उनके बाद उनके परिवार को हर संभव मदद करने का कानून प्रवधान बनाया जाना चाहिए।

बहुतेरे पत्रकारों के पास कानूनी मदद हासिल करने के लिए धन और साधन नहीं होते और वे अकेले पड़ जाते हैं। बहुत से मामलों में उनके संस्थान भी अनका साथ नहीं देते और अभिव्यक्ति की आजादी के इस उल्लंघन की कीमत पत्रकारों के परिवारों को भुगतना पड़ता है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई ऐसा प्लेटफार्म होना चाहिए जो विधिक और युक्तिसंगत आर्थिक सहायता भी प्रदान कर सके। अनेक विकसित देशों में गिरफ्तारी-उत्पीड़न से बचने-निपटने के लिए क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, मीडिया कर्मियों को इसकी भी ट्रेनिंग दी जाती है, डूज-डोंट्स बताए जाते हैं। ऐसी ही व्यवस्था भारत में भी बनाए जाने की आवश्यकता है।

**और ये भी गजबः**

बीजिंग (चीन) के एक अखबार में कुछ साल पहले एक रोबोट पत्रकार का 300 शब्दों का एक लेख छपा, जिसे उसने महज 1 सेकेंड में लिखा था। गुआंगझोऊ के अखबार 'सदर्न मेट्रोपोलिस डेली' में प्रकाशित इस रोबोट का विकास करने वाली टीम के नेतृत्वकर्ता और पेकिंग विश्वविद्यालय के प्रो. वान शियाओजुन के अनुसार रोबोट शियाओ नान छोटी और लंबी खबर, दोनों लिख सकता है। इस रोबोट पत्रकार का नाम रखा गया है जिआओ नॉन।

इसके पहले अमेरिकी अखबार 'दि लॉस एंजलिस टाइम्स' किसी रोबोट पत्रकार-लेखक की लिखी खबर प्रकाशित करने वाला पहला अखबार था। इस रोबोट ने नौ साल पहले भूकंप के बारे में खबर लिखी। और, इधर आईआईटी बॉम्बे की टीम ने एक महिला रोबोट बनाया है जो पिछले 5 सालों से केंद्रीय विद्यालय के परिसरों में बच्चों को पढ़ा रही है। वहीं आपको बता दें ये रोबोट 47 भाषाएं जानती है, और किसी भी तरीक़े के सवाल का जवाब देने में सक्षम है। ये रोबोट तरह तरह के इंटरव्यू भी कंडक्ट करा सकती है और हर तरीके का परीक्षा भी ले सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

## 3 तत्कालीन सरपंचों का जेल वारंट ज़ारी

**शिवपुरी** – सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी द्वारा जिले की ग्राम पंचायत के 3 तत्कालीन सरपंचों को वसूली राशि वापस नहीं किए जाने के कारण जेल वारंट जारी किए है। जारी निर्देशों के तहत तत्कालीन सरपंच एवं सचिव जो कि ग्राम पंचायत में सरपंच/सचिव की हैसियत से ग्राम पंचायतो का अभिलेख या धन अपनी अभिरक्षा में रखता है। जिन्हें लिखित सूचना दी गई है, परंतु संबंधित सरपंचों एवं सचिवों के द्वारा अभी तक धन वापस जमा नहीं किया गया। इनके द्वारा धन संदत्त करने से इंकार किया है। इस कारण संबंधित सरपंचों एवं सचिवों को 30 दिवस की कालावधि के लिये सिविल जेल मे परिरूद्व किये जाने हेतु संबंधित जेलर को थाना प्रभारियों के माध्यम से कार्यालय द्वारा जारी पदमुद्रा जेल वारंट जारी किये गये है। इन ग्राम पंचायतों के 3 सरपंचों में जनपद पिछोर के ग्राम पंचायत बदरखा के तत्कालीन सरपंच खुशीराम प्रजापति, ग्राम पंचायत सरपंच के तत्कालीन सरपंच नदना सीताराम परिहार, ग्राम पंचायत सुजावनी तत्कालीन सरपंच उषा देवी यादव शामिल है।

## जिला पंचायत के सीईओ ने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत आयोजित शिविर का किया निरीक्षण

**खण्डवा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत खण्डवा श्री शैलेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा शुक्रवार को जनपद पंचायत पंधाना के ग्राम बोरगांव बुजुर्ग में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत आयोजित शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री सोलंकी द्वारा शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधि, शिविर प्रभारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुये अभियान में ग्रामीण क्षेत्र के लिए शासन की 54 सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने ग्राम पंचायत बोरगांव बुजुर्ग में ग्राम पंचायत के समग्र विकास के विषय पर जनपद पंचायत सीईओ, ग्राम पंचायत सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, पंच, सहायक यंत्री, उपयंत्री, क्लस्टर प्रभारी एवं ग्राम पंचायत सचिव के साथ चर्चा की गई एवं विकास की योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## रोपणी संचालकों को पौध विक्रय हेतु लायसेंस लेना होगा

**खण्डवा ।** उद्यानिकी पौधों के पौधे विक्रय करने वाले विक्रेताओं व रोपणी संचालकों को रोपणियों के लिए लाइसेंस लेना होगा। उप संचालक उद्यानिकी ने बताया कि म.प्र. शासन उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण भोपाल ने लोक सेवा गांरटी अधिनियम 2010 की धारा 3 के तहत उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण विभाग की सेवा के तहत सभी प्रकार के पौध विक्रय करने वाले विक्रेताओं से अपने निकटतम लोक सेवा केंद्र से संपर्क कर उद्यानिकी फल पौध विक्रय के लिए संचालित रोपणियों की अनुज्ञप्ति जारी करना व उसका नवीनीकरण की कार्रवाई तत्काल करने के निर्देश दिए है। अन्यथा बीज अधिनियम 1983 व बीज नियंत्रण आदेश के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला स्तर पर कार्यालय उप संचालक उद्यान व विकास खंड स्तर पर कार्यालय वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

## आर्थिक सहायता

**धार,।** कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद के अंतर्गत धार निवासी यश पिता नरसिंह सोनगरा को बीमारी के उपचार के लिए एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सरदारपुर तहसील के ग्राम चारभुजा मोहल्ला की पूजा पति राजेश पाटीदार को बीमारी के उपचार के लिए 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## बूथ विजय संकल्प अभियान में जिला अध्यक्ष ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**बरेली 7** भारतीय जनता पार्टी को हर बूथ पर मजबूत करने के लिए 4 मई से बूथ विजय संकल्प अभियान चलाया जा रहा है रायसेन जिले में चारों विधानसभाओं में हर बूथ पर विजय संकल्प अभियान चल रहा है जिसकी मॉनिटरिंग जिला कार्यालय पर की जा रही है हर बूथ पर जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा स्वयं नजर बनाए हुए हैं शुक्रवार को जिलाध्यक्ष शर्मा ने देवनगर %बूथ विजय संकल्प अभियान% के तहत देवनगर मंडल के सभी मतदान केंद्रों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को अपने बूथ की मजबूती के लिए कई तरह के मंत्र दिए। और कहा कि कांग्रेस और भाजपा में एक बड़ा फर्क है कि भाजपा के लोग सेवा का प्रशिक्षण लेते हैं और सीखते हैं कि जनता के बीच पहुंचकर किस तरह उनकी सेवा करना है। कैसे बीजेपी की योजनाओं का प्रचार प्रसार करना है।वही पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि रायसेन जिले के सभी कार्यकर्ताओं बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत अपने बूथ को मजबूत करें यह अभियान पार्टी के 51 फीसदी वोट शेयर के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगा ।

## मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजनाः लॉटरी से पात्र आवेदकों का चयन आज

छतरपुर जिले में मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अंतर्गत सेक्टर अनुसार पात्र आवेदकों के मध्य चयन प्रक्रिया लॉटरी सिस्टम के माध्यम से 13 मई को समय 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कि जा रही है। शासन के निर्देशानुसार लॉटरी सिस्टम के पूर्ण पारदर्शिता हेतु उक्त आयोजन में चयन समिति के सदस्यों से निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थिति होने कि अपील की गई है।

## लर्निंग लायसेंस हेतु आईटीआई छतरपुर में कैंप 15 को

कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देशानुसार शासकीय आईटीआई छतरपुर में मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के दूसरे चरण के क्रियान्वयन में 15 मई को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आईटीआई में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों के लर्निंग लायसेंस बनाने हेतु कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

# सीएम राइज की नींव ही भ्रष्टाचार पर खड़ी हो रही तो भवन की उमर कितनी होगी ?

## निर्माण कार्य अगर तय मानकों से हो रहा तो वीडियो बनाने से रोका क्यों



विनोद साहू बाड़ी। बाड़ी में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की भूमि पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अति महात्वाकांक्षी योजना सीएम राइज स्कूल की परिकल्पना रखी जिसमें गरीब के बच्चें भी न्यूनतम फीस में शिक्षित हो सके , लेकिन भ्रष्टाचार के दौर में यह सीएम राइज भी करोड़ों की लागत से बन रहा हैं लेकिन इसकी नींव इतनी खोखली हैं जैसे नर्मदा परिक्रमा के समय लगाएँ गये पौधों की रही ..

इस निर्माण को देखकर लगता हैं कि मुख्यमंत्री जी प्रदेश के विकास में जितने भी निर्माण कार्य करा रहे उनमें उनका अप्रत्यक्ष रूप से कमीशन तय हैं, कर्नाटक में मुख्यमंत्री चालीस प्रतिशत कमीशन के लिए मशहूर हुए यहाँ यह कमीशन की बात अभी खुली नहीं लेकिन निर्माण की नींव बता रही हैं कि यह भी चालीस प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए... इस वीडियो में हमारे पत्रकार मित्र सीएम राइज में चल रहे निर्माण कार्य को देखने गये और उन्होनें जो देखा अगर बह कोई जिंदा जमीर बाला अधिकारी देख लेता तो तत्काल ही काम रुकवाकर उस ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेड करने की प्रमाणित लिखापढ़ी कर देता ...

### मिक्सर प्लांट के बावजूद फ्लोरी से बन रहा माल

ठेकेदार ने सीमेंट कॉंक्रीट और रेत का रेसों तय मानकों के हिसाब से माल बन सके .लेकिन ठेकेदार ने प्लांट बंद कर छोटी फ्लोरी का उपयोग करने लगा जिसमें रेत के साथ ही उसमें पीली मिट्टी मिलाकर सीमेंट का माल बनाकर बगैर लोहे के जाल डाले उसे भर रहा हैं । ऐसे में यह ईमारत कितनी मजबूत होगी यह आप अंदाजा लगा सकते हैं ..

### वीडियो बनाने पर रोका ।

हमारे पत्रकार मित्र जब जहाँ माल डल रहा था बहाँ पहुँचे तो ठेकेदार के आदमी आकर वीडियो बनाने से मना करने लगे .जो इस बात का पक्का प्रमाण हो गया कि कुछ नही बहुत कुछ गड़बड़ झाला हो रहा हैं।

### प्लांट पर लगे सीसीटीवी कैमरे ।

भोपाल में गोविंदपुरा ऐरिया में भाषा एसोसिएट का कार्यालय हैं और उसने गूगल पर अपने आपको बताते हैं कि भाषा एसोसिएट सिविल इंजीनियरिंग, निर्माण और विद्युत कार्य के विशेषज्ञ हैं, हम नवाचार, रचनात्मकता और तकनीकी निपुणता के लिए जाने जाते हैं जिसके साथ हम सबसे जटिल परियोजनाओं से निपटते हैं। लेकिन सीएम राइज स्कूल का निर्माण भी उनके कुशल इंजीनियर की देखरेख में ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जा हैं ..जो यह दर्शाता हैं कि दूर के ढोल सुहाने लगते हैं .. मिट्टी और रेत एक साथ मिलाई जा रही हैं फ्लोरी में.

## मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में हो रहा जिले में नवाचार



बैतूल. जिले में मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण में कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चो की पहचान के लिए नवाचार किया गया है। जिसके तहत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की ऊंचाई एवं वजन की माप की जा रही है। वजन की माप के लिए डिजिटल वजन मशीन की अनिवार्यता की गई है ताकि वजन की शुद्धता रहे। इसके अलावा ऊंचाई मापने में भी पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। पूरे अभियान की मॉनीटरिंग के लिए शिक्षा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है जिन्हें विशेष रूप से प्रशिक्षित भी किया गया है।

शुक्रवार को अभियान के प्रथम दिन जिले के जिले के प्रभारी एवं स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) तथा सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इंदरसिंह परमार ने ग्राम हथनोरा की आंगनबाड़ी मे बच्चों की ऊंचाई एवं वजन की माप अपने समक्ष करवाकर इस अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पोषण टोकरी भी भेंट की।

जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी गौतम अधिकारी ने बताया कि अभियान के प्रथम दिन शुक्रवार को जिले के 65 स्थानों पर शिविर आयोजित किए गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 2291 बच्चों की ऊंचाई एवं वजन की माप की गई जिनमे अति कुपोषित 34 एवं मध्यम कुपोषित 166 बच्चे पाए गए।

उक्त चिन्हित बच्चों के पोषण प्रबंधन के समुचित इंतजाम किए जाएंगे।

## एनएच-45 मार्ग पर बने कट पॉइंट पर जल्द लगें संकेत बोर्ड, हादसों पर लग सके लगाम, एसडीएम लें संज्ञान




बरेली 7 जबलपुर-जयपुर एनएच 45 फोरलेन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है फोरलेन बनने से लोगों को सफर करने में सुगमता होने लगी है लेकिन फोरलेन मार्ग पर ग्रामीणों की मांग पर गांवों के मार्ग पर जाने के लिए एमपीआरडीसी ने जगह जगह कट प्वाइंट तो बना दिए हैं लेकिन आज वह कट पॉइंट लोगों की जान ले रहे हैं कट प्वाइंटों पर कोई भी संकेत बोर्ड नहीं लगे हैं जिस कारण आए दिन बगलबाड़ा ,गुरारिया,किनगी, केरोसिन रोड पर बने कट प्वाइंटों पर हादसे हो रहे हैं 7 गुरूवार को ही किनगी रोड बाईपास हाईवे पर मोटरसाइकिल और कार की भिड़ंत हो गई जिसमें मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और वाहन चालक को भी कई गंभीर चोट आई जब हादसे के बाद हाईवे पर सफर कर रहे वाहन चालक से पूछा जाता है कैसे हादसा हो गया तो उनका जवाब रहता है कि यह मोटरसाइकिल चालक ग्रामीण क्षेत्र की सड़क से हाईवे पर अचानक आ गया यहां पर कोई संकेत वोट ही नहीं लगा कि यहां सड़क कटी हुई है बड़ी लापरवाही है यहां संकेत बोर्ड लगना चाहिए7 पूर्व में भी कई बार स्थानीय प्रशासन को खबरों के माध्यम से अवगत कराया गया है कि फोरलेन पर बने कट प्वाइंटों पर संकेत बोर्ड लगे जिससे सड़क से तीव्र गति से निकलने वाले वाहन संकेत बोर्डों को देखकर कम रफ्तार में निकल सकें और हादसों पर लगाम लग सके लेकिन पूर्व में स्थानीय प्रशासन द्वारा इस पर कोई भी संज्ञान नहीं लिया गया जिस कारण आज दिनांक तक इन प्वाइंटों पर हुए सड़क एक्सीडेंट में कई लोगों की जान भी जा चुकी है नवनियुक्त एसडीएम से लोगों को कई सारी अपेक्षाएं हैं वही एसडीएम संतोष मुकदल भी इस मामले पर संज्ञान लेकर एमपीआरडीसी को अवगत कराकर संकेत बोर्ड लगवाए जिससे हादसों पर लगाम लग सके 7

## हम सभी कार्यकर्ता आधारित पार्टी के सदस्य हैं और अंत्योदय ही हमारी पहचान : लोधी

### * बूथ विजय संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के शक्तिकेंद्रो पर हो रहे आयोजन



दमोह। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी मंडलों के शक्तिकेंद्रो पर बूथ विजय संकल्प अभियान के अंतर्गत बूथ समिति को सशक्त सर्वव्यापी बनाने के लिए पार्टी की रीति के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता नियमित कार्य कर रहे हैं, इस दौरान पारंपरिक खेलों का आयोजन और सामाजिक समरसता के लिए सामूहिक रूप भोजन का आयोजन किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी ने पथरिया मण्डल के जेरठ और बिलाई शक्तिकेंद्र के बोबई में मुख्य अतिथि के रूप में अभियान की सम्मिलित होते हुए कहा कि यह बूथ विजय संकल्प अभियान सर्वव्यापी अभियान है, जिसके माध्यम से हमें बूथ को सशक्त बनाना है, जमीनी स्तर का कार्यकर्ता ही पार्टी का भविष्य तय करते है, हम कार्यकर्ता आधारित पार्टी के सदस्य हैं और अंत्योदय ही हमारी पहचान है। हमारे यहां कोई भी नेता नहीं होता बल्कि बड़े से बड़े पद पर बैठा व्यक्ति भी अपने आप को कार्यकर्ता ही समझता है, हमारी यही एकरूपता ही हमे अन्य दलों से अलग बनाती है, जन हितैषी योजनाओं में लाड़ली बहना योजना से हर बहन अब आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने सरकार काम कर रही हैं, अन्न योजना से हर गरीब को मुफ्त खाद्यान्न मिल रहा है। निःशुल्क उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध हैं।

वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के चेयरमैन राहुल सिंह जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने दमोह विधान सभा क्षेत्र के अभाना मंडल के इमलियाघाट शक्तिकेंद्र पर पहुंचकर बूथ विजय संकल्प अभियान मे सम्मिलित हुए बैठक ली और कार्यकर्ताओं के साथ भोजन ग्रहण किया। मंडल अध्यक्ष डाल चंद कुशवाहा सहित अनेक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। राहुल सिंह ने कहा कि विजय संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा शक्ति केंद्रों पर विविध कार्यक्रम और सभी कार्यकर्ताओं के साथ बूथ विजय संकल्प अभियान के अंतर्गत सम्मिलित हुए हैं खेलों के माध्यम से हमारे कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति नीति के साथ कार्य करने पर चर्चा हुई हम सभी यह संकल्प ले रहे हैं कि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में उन्हें भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने इसके लिए पूर्ण रूप से संकल्पित रहेंगे।

सतीश तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के बूथ वजह संकल्प अभियान के अंतर्गत निरंतर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं अभियान के माध्यम से हमारे कार्यकर्ता स्वस्थ स्वस्थ और बलवान रहे यह प्रयास किया जा रहा मैं सभी ऊर्जावान करदाताओं को निरंतर अपने बूथ को सशक्त और सुदृढ़ बनाने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इस कार्यक्रम मे पथरिया विधान सभा संयोजक देवी सिंह नंदरई, जिला महामंत्री गोपाल पटेल, जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष ललित पटेल, कुंवर मान पटेल, राजेन्द्र समदरिया, ब्रजेश पटेल, महेश पटेल, लाखन सिंह, भारत मिश्रा, रणवीर सिंह, लोकेंद्र सिंह, महेन्द्र सिंह, डॉ विजय सिंह सहित अनेक ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकताओं की उपस्थिति में आयोजित किया गया। पथरिया मंडल के नंदरई में बूथ विजय संकल्प अभियान अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सोना बाई के आतिथ्य में आयोजित किया गया। अभाना मंडल में मंडल अध्यक्ष डालचंद पटेल, राजकुमार सिंह हरदुआ, विस्तारक गौरव जैन शामिल शहर मंडल, शक्ति केंद्र, पेज प्रमुख एवं बूथ समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही रहें।

## प्रभारी मंत्री ने किया समूहों की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु स्वयं परियोजना का प्रमोचन

बैतूल . प्रशासन राज्य मंत्री इंदरसिंह परमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वयं श्री (महिला किसानो का लखपति बनने का सफर) परियोजना के प्रमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम मे बताया गया कि एनआरएलएम अंतर्गत पंजीकृत स्व सहायता समूहों से जुड़े परिवारों में आर्थिक उन्नति की मुख्य धारा से जोडने के लिए स्वयंश्री प्रोजेक्ट की बैतूल जिले में शुक्रवार 12 मई से शुरुआत की गई।

स्वयंश्री परियोजना रिलायंस फाउंडेशन, बिल-एंड-मिलिंडा फाउंडेशन, प्रदान संस्था तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समन्वय से संचालित की जा रही है। इसके लिए मध्यप्रदेश के बैतूल सहित 9 जिलों का चयन किया गया है। जिले के सात विकासखंडों-बैतूल, घोड़ाडोंगरी, शाहपुर, भीमपुर, भैंसदेही, आठनेर एवं प्रभातपट्टन में यह परियोजना कार्य करेगी। इस परियोजना का लक्ष्य प्रोड्यूसर ग्रुप एवं एफपीओ के माध्यम से महिलाओं में क्षमतावर्द्धन कर कृषि एवं गैर-कृषि क्लस्टर आधारित आजीविका गतिविधियों को सामूहिक रूप से मूल्यसंवर्धन कर अच्छा बाजार उपलब्ध कराना, जिससे समूहों के परिवारों को आजीविका के बेहतर साधन उपलब्ध हो सकें। इसके लिए शासन के विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय कर उनकी विभिन्न प्रकार की आजीविकामूलक गतिविधियों के साथ अभिसरण कर परियोजना क्रियान्वयन की शुरुआत की जाएगी। परियोजना का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं गैर कृषि आधारित गतिविधियों को एक प्लेटफार्म पर लाना है, जिससे समूह की महिलाओं को अपने उत्पादों को सस्ते दामों में बिचौलियों को न बेचना पड़े। स्वयंश्री परियोजना के माध्यम से इनके उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाकर अच्छा लाभ दिलाया जा सके।



कार्यक्रम में रिलायंस फाउंडेशन के राज्य प्रभारी कमल जायसवाल एवं प्रदान संस्था भोपाल की प्रतिनिधि सुश्री एलोरा रावत ने स्वयंश्री परियोजना के जिले में वर्किंग प्लान की जानकारी दी। स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने साझा किए अपने अनुभव कार्यक्रम में स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। सतपुडांचल प्रोड्यूसर ग्रुप की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर श्रीमती जयवंती मर्सकोले ने बताया कि शाहपुर, बैतूल, घोड़ाडोंगरी एवं चिचोली में गठित स्व सहायता समूहों में 750 महिलाएं कार्य कर रही हैं। ग्राम रामपुर मे रीलिंग यूनिट लगाई गई है जिसमें 40 महिलाओं को रोजगार दिया गया है। इसी तरह ग्राम छूरी ग्राम में भी रीलिंग यूनिट लगाने का कार्य प्रगतिरत है। श्रीमती जयवंती पहले अपने एक एकड़ खेत में गन्ने का उत्पादन करती थीं, जिससे उन्हें कोई विशेष आर्थिक लाभ नहीं होता था। आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद उन्होंने उसकी एक एकड़ खेत में शहतूत की खेती की। यह फसल वर्ष में चार बार होती है। श्रीमती जयवंती ने बताया कि इस फसल से वह एक बार में लगभग ढाई लाख की आय अर्जित कर लेती हैं।

ग्राम रामपुर की श्रीमती लक्ष्मी टेकाम ने बताया कि वह संतोषी स्व सहायता समूह संचालित करती है। उनके समूह को स्कूली गणवेश की सिलाई का कार्य मिला है। सिलाई कार्य के लिए उन्होंने एक सेंटर भी खोला है, जिसमें समूह की महिलाओं द्वारा गणवेश सिलाई का कार्य किया जा रहा है। पहले ये सभी महिलाएं दूसरे के खेतों में मजदूरी करने जाती थी लेकिन अब सिलाई कर स्वयं आय अर्जित कर रही हैं।

इस दौरान सांसद डीडी उइके विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य शुक्ला, कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस, सीईओ जिला पंचायत अभिलाष मिश्रा, एनआरएलएम के जिला प्रबंधक सतीश पंवार सहित विभागीय अधिकारी स्वसहायता समूह की महिलाएं एवं एनजीओ के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## मंदिर का चोर ,बलात्कारी , आदतन अपराधी , अवैध शराब ,रेत ट्रॉली पकड़ी ,जिलेभर में पुलिसिया धमक

शिवपुरी - पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरया के नेतृत्व और अति.पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन में शुक्रवार का दिन पुलिस की प्रभावी कार्यवाही के नाम रहा। पुलिस ने नरवर के ऐतिहासिक किले से राजा नल की कुलदेवी माँ के मंदिर में हुई चोरी का 48 घण्टों में खुलासा करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का गये सामान को बरामद किया है ।

फरियादी नागेन्द्र भार्गव संदेही बिट्टू उर्फ देवेन्द्र सैन को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो उसने अपना जुर्म करना स्वीकार किया एवं उसके कब्जे से चोरी किये सामान को बरामद किया गया । आरोपी को न्यायालय करैरा में पेश कर उप जेल करैरा भेजा गया है । वहीं 3 मई को दिनारा में एक विवाहिता के साथ बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना के आधार पर आदतन अपराधी अर्जुन उर्फ बल्लू जाटव पिता शांतिदास जाटव उम्र 25 साल निवासी ग्राम सिलरा थाना करैरा जिला शिवपुरी के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा बरामद कर अपराध क्रमांक 275/23 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का पंजीवद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।



करैरा पुलिस ने मुखविर की सूचना पर सिल्लारपुर हाईवे पर अवैध रेत भरे दो बिना नम्बर ट्रेक्टर ट्राली जप्त किये। उनके चालक श्रीराम रावत ,अतेन्द्र रावत निवासी ग्राम दौनी से ट्रेक्टर की ट्रालियो मे भरी हुई रेत के संवंध मे रॉयल्टी मांगी गई,जो कि नही थी । उपरोक्त दौनो ट्रेक्टर ट्रालियो को जप्त कर खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है । जबकि मुखविर की सूचना पर खनियांधाना पुलिस ने ग्राम नदनवारा मे रामघाट पर कुदराहट नदी के किनारे अवैध कच्ची शराब जप्त कर आरोपी जैकी राजा चौहान पुत्र सरदार सिह चौहान उम्र 19 साल निवासी ग्राम नदनवारा के कब्जे से दो100 लीटर हाथ भट्टी की बनी हुई देशी शराव कीमती 20,000 रुपये है व मौके पर 04 ड्रम भरा लहान नष्ट किया गया तथा उक्त आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 255/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई।

## 3 साल से रुकी परीक्षा करवाने एवं छात्रवृति देने के लिए नर्सिंग विद्यार्थियों ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन

आज विश्व नॉर्सिंग दिवस के अवसर पर धार जिले के मान्यता प्राप्त कॉलेजो के विद्यार्थीयो ने कालीपट्टी बाँधकर लालबाग से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकाल कर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन दिया है। जिसमे बताया गया की सत्र 2020-21 के बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों की आजतक परीक्षा नहीं ली गयी है और न ही इनको छात्रवृति मिली है। रैली में नारो के साथ नर्सिंग विद्यार्थियों ने अपनी पीड़ा बताई ।

इस अवसर पर प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन सैनी शामिल हुए उन्होंने कहा कि नर्सिंग विद्यार्थीयो की पीड़ा मै जनता हूँ क्योकि मैं खुद नर्सिंग का विद्यार्थी रहा हु मैंने देखा है नर्सिंग में बच्चे कितनी म्हणत करते है उनका परिवार कितना समझौता करते है और अगर इन विद्यार्थियों की 3-3 साल तक परीक्षा न हो छात्रवृति न मिले तो बच्चे कैसे अपनी पढ़ाई करे और कैसे अपना करियर बनाये। ज्ञापन देने आये नर्सिंग विद्यार्थियों ने बताया कि जब कोरोना के समय रेगुलर स्टाफ की कमी थी तक समाज सेवा की भावना से प्रशासन के कहने पर इन्ही नर्सिंग विधार्थियो ने अल्टेरनेट ड्यूटी की थी और कई जिन्दगिया बचने का कार्य किया है लेकिन आज इनके साथ न्याय नहीं हो रहा है।



इस अवसर पर कॉलेज संचालक डॉ आशीष चौहान ने कहा की जब कोई बच्चा जन्म लेता है तो सबसे पहले एक नर्स ही होती है जो उस पोलियो की दवा पिलाती है और बीमारियों से बचने के लिए टीका लगाती उसके बाद माँ की ममता मिलती है शायद इसी भावना की वजह से नर्स को सम्मान से बहन का दर्जा दिया गया है लेकिन आज इन्ही नर्सिंग विद्यार्थियों को 3 साल से परीक्षा का आयोजन नहीं होना म.प्र.मेडिकल विवि की विफलता है वही छात्रवृति न देना आदिमजाति कल्याण विभाग की विफलता है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा ( म.प्र. )**

क्रमांक/160/रा.शा./न.पा.नि./2023
छिंदवाड़ा दिनांक 12/4/23

**:-आम-सूचना आपत्ति-इश्तेहार-:**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका निगम स्वामित्व की गीताजंली आवास कॉलोनी स्थित ईडब्ल्यूएस भवन क्रमांक 46 भूतल, क्षेत्रफल लगभग 309 वर्गफीट, श्रेणी अनारक्षित में आवेदिका श्रीमति स्वेता रघुवंशी पिता श्री चक्रपाल रघुवंशी द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन आवेदन-पत्र, पंजीकृत बैनामा-पत्र दिनांक 25.10.2021 एवं निकाय द्वारा जारी भवन अन्तरण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भवन वर्तमान में श्रीमति ममता सोरठ पिता श्री ज्ञानदास सोरठ के नाम पर आवंटित है। जो आवेदिका को पंजीकृत बैनामा-पत्र दिनांक 25.10.2021 के द्वारा प्राप्त हुआ है। जिसमें आवेदिका अपना नाम दर्ज करवाना चाहती है। उक्त भवन की चतुर्थ सीमा निम्नानुसार है:- उत्तर में- ईडब्ल्यूएस भवन क्रमांक 98, दक्षिण में- कॉलोनी का रास्ता, पूर्व में- ईडब्ल्यूएस भवन क्रमांक 45 एवं पश्चिम में- ईडब्ल्यएस भवन क्रमांक 47 स्थित है।

प्रस्तुत आवेदन-पत्र पंजीकृत बैनामा-पत्र एवं निकाय द्वारा जारी भवन अन्तरण हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र के आधार पर उक्त भवन का नामान्तरण आवेदिका श्रीमति स्वेता रघुवंशी पिता श्री चक्रपाल रघुवंशी के नाम पर किये जाने में यदि किसी व्यक्ति अथवा कोई हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेजों सहित कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित में अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि बाद किसी भी दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा

# ह्युंडै का तमिलनाडु में 20हजार करोड़ रुपए बड़ा निवेश ईवी सेगमेंट पर पकड़ मजबूत करने की योजना




**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक वाहनों और संबंधित तंत्र में अपनी मौजूदगी का विस्तार करने के लिए ह्युंडै मोटर इंडिया ने वर्ष 2023 से अगले 10 वर्षों की अवधि के दौरान तमिलनाडु में लगभग 20,000 करोड़ रुपए का निवेश करने के लिए राज्य सरकार के साथ एक समझौता किया है। उत्पादन की मात्रा बढ़ाने और नए ईवी मॉडल पेश करने की योजना है। भारत में दूसरी सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी 1,78,000 इकाई की वार्षिक क्षमता वाली बैटरी पैक असेंबली संयंत्र स्थापित करेगी और अगले पांच साल के दौरान राज्य भर में 100 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगी।

वर्ष 2022 में ह्युंडै ने कुल 1,81,000 वाहनों का निर्यात किया था, जिसमें केवल गैस-तेल इंजन वाले वाहनों का योगदान रहा। योजना के अनुसार कंपनी वर्ष 2023 तक इसे निर्यात को बढ़कर 3,19,000 वाहनों तक करेगी और श्रीपेरंबदूर इकाई को तेल-गैस इंजन वाले वाहनों तथा ईवी के क्षेत्रीय निर्यात केंद्र के रूप में तब्दील किया जाएगा।

यह दूसरा ऐसा बड़ा निवेश है, जिसे राज्य में फरवरी में उसकी नई ईवी नीति की घोषणा के बाद किसी प्रमुख कंपनी द्वारा किया जा रहा है। इस नीति में विनिर्माताओं, ग्राहकों और चार्जिंग अवसंरचना प्रदाताओं के लिए रियायतें दी जा रही हैं। इस नीति की घोषणा के कुछ दिनों के भीतर ही सॉफ्टबैंक समर्थित ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी भी कृष्णागिरी जिले में पोचमपल्ली इकाई में अपनी विस्तार योजनाएं लाई थी, जिसमें चौपहिया इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण संयंत्र और 20 गीगा वॉट बैटरी विनिर्माण इकाई के लिए लगभग 7,614 करोड़ रुपए का निवेश शामिल है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी उनसू किम ने कहा कि यह करार तमिलनाडु में भविष्य की टिकाऊ तकनीक बनाने के लिए मजबूत प्रतिबद्धता का हिस्सा है। ह्युंडै आर्थिक, सामाजिक और सतत विकास के हमारे साझा लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखेगी। हम 10 साल की अवधि में करीब 20,000 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। यह दीर्घकालिक निवेश हमारी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने में मदद करेगा और श्रीपेरंबदूर में हमारे उत्पादन की मात्रा को भी बढ़ाएगा।

तमिलनाडु में ह्युंडै संयंत्र की नींव दिसंबर 1996 में रखी गई थी और इसका दूसरा कारखाना फरवरी 2008 में लगभग 4,000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ आया था। कंपनी ने जून 2021 में इस इकाई से अपनी एक करोड़वीं कार पेश की थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के अनुसार कंपनी अब तक राज्य में 23,900 करोड़ रुपए का निवेश कर चुकी है और 15,000 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से तथा अन्य 2,50,000 लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है।

## एचडीएफसी बैंक और तेलंगाना सरकार समर्थित टास्क नए रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आए



**मुंबई, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक, भारत का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक, और तेलंगाना सरकार के आईटीईएंडसी विभाग के तहत एक गैर-लाभकारी संगठन तेलंगाना एकेडमी फॉर स्किल एंड नॉलेज (टीएएसके) ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस नए करार के तहत नए स्नातकों और स्नातकोत्तरों के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एमओयू के अनुसार, एचडीएफसी बैंक अब टास्क के साथ रजिस्टर्ड (पंजीकृत) 700 संस्थानों में प्रतिभा के एक बड़े पूल तक पहुंच बनाने में सक्षम होगा। श्रीकांत सिन्हा, सीईओ-टास्क और रंगा सुब्रमण्यम, हेड-टैलेंट एक्विजिशन, एचडीएफसी बैंक ने तेलंगाना सरकार, टीएएसके और एचडीएफसी बैंक के अधिकारियों की उपस्थिति में हैदराबाद में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। साझेदारी के तहत, टास्क, प्रशिक्षित छात्रों को हायर करने में एचडीएफसी बैंक की मदद करेगा। टास्क द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव और साक्षात्कार के लिए सभी प्रकार की लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की जाएगी। रंगा सुब्रमण्यम, हेड-टैलेंट एक्विजिशन, एचडीएफसी बैंक ने कहा, एचडीएफसी बैंक देश भर में नई प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पोको की फ्लैगशिप एफ-सीरीज़ में नई पेशकश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पोको की फ्लैगशिप एफ-सीरीज़ में सबसे नई पेशकश, पोको एफ5 5जी उपभोक्ताओं के लिए शक्तिशाली फीचर्स लेकर आई है। एफ-सीरीज़ की विरासत को आगे बढ़ाते हुए पोको एफ5 5जी भारत में स्नैपड्रैगन 7+ जनरेशन 2 के साथ उतर रहा है, जो अब तक का सबसे शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 7-सीरीज़ स्मार्टफोन है। बेहतरीन इनोवेशन प्रदान करने और टेक प्रेमियों की मदद करने के लिए पोको एफ-सीरीज़ प्रदर्शन, मल्टीमीडिया के अनुभव और फोटोग्राफी के गुणों में सर्वश्रेष्ठ है। लॉन्च की घोषणा के बारे में हिमांशु टंडन, कंट्री हेड, पोको इंडिया ने कहा, ''पोको अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए विकास और इनोवेश्शन के अपने दृष्टिकोण के प्रति अटल रहा है। हमें बाजार में अपना लेटेस्ट स्मार्टफोन, पोको एफ5 पेश करने की खुशी है। इस डिवाईस में इनोवेटिव फीचर्स हैं, जो ग्राहकों की अपेक्षाओं से बढ़कर होंगे। स्नैपड्रैगन 7+ जनरेशन 2 द्वारा पॉवर्ड पोको एफ5 सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला स्मार्टफोन होगा, जिसमें सेगमेंट की सर्वश्रेष्ठ डिस्प्ले क्षमताएं होंगी। हम उत्सुक हैं कि ग्राहक इस बेहतरीन डिवाईस का अनुभव स्वयं लें, और स्मार्टफोन टेक्नॉलॉजी के भविष्य को अपने हाथों में देखें।''सचिन कलांत्री, सीनियर डायरेक्टर, प्रोडक्ट मार्केटिंग, क्वालकॉम इंडिया ने कहा, ''हमें लेटेस्ट पोको एफ5 5जी के लिए पोको के साथ गठबंधन करने की खुशी है। स्नैपड्रैगन 7+ जनरेशन 2 उपभोक्ताओं को मोबाईल गेमिंग के सर्वश्रेष्ठ अनुभव के साथ शानदार परफॉर्मेंस तथा फोटोग्राफी की बेहतरीन क्षमताएं प्रदान करेगा। यह हाई-स्पीड 5जी और वाई-फाई 6 कनेक्टिविटी के लिए यह क्वालकोम फास्टकनेक्ट 6900 के साथ है, जिससे काफी तेज और अत्यधिक रिस्पॉन्सिव वाई-फाई मिलता है। हम पोको इंडिया के साथ अपने सफल गठबंधन और उपभोक्ताओं को बेहतर मोबाईल अनुभव प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं।''

## अमेजन.इन की #DitchtheSponge के लिए डिशवॉशर्स पर शानदार पेशकश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भला बर्तन धोना किसे अच्छा लगता है जितना हम खाने के शोक को बढाते जाते हैं, उसी अनुपात में मेनू भी बढता है, और जब मेनू बढता है तो बर्तनों की संख्या बढना स्वभाविक है और यहीं से खाने का सारा मजा किरकिरा हो जाता है। हमारी रसोई में बर्तनों का ढेर लग जाता है और इनकी धुलाई हमारे लिए तनावपूर्ण और चुनौतीपूर्ण मसला बना जाता है। कितना अच्छा होगा जब कोई मशीन हमारे इस भारी और बोझिल काम को कर देगी ! तकनीक के क्षेत्र में प्रगति ने हमारे जीवन को सुविधाजनक और आसान बना दिया है। आपके पास जगह हो या न हों, यह हर स्थान में ठीक से फिट हो जाता है। इंटेंसिव, नॉर्मल, ईको, ग्लासवेयर, क्लीन एंड शाइन, और मिनी 30 प्रोग्राम सहित यह 6 वॉश प्रोग्राम के साथ आता है। यह एक बार में 8 लीटर पानी की खपत करता है और भारतीय रसोई में सभी प्रकार के बर्तनों की धुलाई के लिए उपयुक्त है। इसे अमेजन.इन पर 17,490 रुपये में खरीदें। लगता है इस डिशवॉशर को केवल भारतीय किचन के लिए ही डिजाइन किया गया है क्योंकि इसमें हर आकार के बर्तन आसानी से फिट हो सकते हैं। यह 6 वॉश प्रोग्राम और 3 ऑप्शन के साथ आता है जिसमें इंटेंसिव कड़ाही प्रोग्राम, समय की बचत के लिए स्पार्कल प्रोग्राम, कम बर्तनों के लिए हॉफ लोड ऑप्शन और जल्दी सुखाने लिए अतिरिक्त ड्राई ऑप्शन शामिल हैं। इसे अमेजन.इन पर 42,490 रुपये में खरीदें। आईएफबी 12 प्लेस सेटिंग्स हॉट वॉटर वॉश फ्री स्टैंडिंग डिशवॉशर~ ढ्ढस्नक्क डिशवॉशर से डिशवॉशिंग पर दुबारा गौर फरमाएं। यह 25 से अधिक वर्षों के अनुभव रखने वाला सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड है। इसमें एक स्मार्ट सेंसर लगा हुआ है जो अपने आप खाने के बचे टुकडों की पहचान करता है और उसके हिसाब से प्रोग्राम सेट करता है। इसकी कुछ खास खूबियों में जिद्दी दागों के लिए 70एष्ट गर्म पानी से धुलाई और हाइजनिक स्टीम ड्राइंग शामिल हैं। इसे अमेजन.इन पर 39,490 रुपये में खरीदें।

## कलर्स का नया ड्रामा नीरजा...एक नई पहचान में स्नेहा वाघ और काम्या पंजाबी प्रमुख भूमिकाओं में दिखेंगी

**मुंबई।** एक ऐसी दुनिया में जहां पूरी दुनिया की मुश्किलें उन्हीं के सामने आ रही हैं, एक मां और बेटी कलर्स के आगामी शो %नीरजा...एक नई पहचान में उज्जवल भविष्य को सुरक्षित करने के लिए जी-जान से लड़ रही हैं। यह शो मां-बेटी की जोड़ी के इर्द-गिर्द घूमता है, जो कोलकाता के सोनागाछी से ताल्लुक रखती हैं। कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद नीरजा की मां प्रोतिमा अपनी बेटी को बेहतर जीवन का मौका देने के लिए दृढ़ हैं, और सोनागाछी की मैडम दीदुन से उसकी रक्षा कर रही हैं। सनशाइन प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित नीरजा में बहुमुखी कलाकार स्नेहा वाघ और काम्या पंजाबी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। युवा नीरजा की भूमिका लोकप्रिय मराठी बाल कलाकार मायरा वैकुल निभाएंगी। प्रोतिमा की भूमिका निभाने के लिए तैयार, स्नेहा वाघ कहती हैं, %%मैं %नीरजा...एक नई पहचान% में प्रोतिमा की भूमिका निभाने को लेकर रोमांचित हूं, जो अपनी बेटी को सबसे अच्छी परवरिश देने का प्रयास करती है।

### हिंडनबर्ग के खिलाफ कार्रवाई करेंगे कार्ल इकान, बोले-

# जानबूझकर किया हमारा नुकसान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंडनबर्ग रिसर्च का नया शिकार बनी है इकान एंटरप्राइजेज। हिंडनबर्ग ने इकान इंटरप्राइजेज पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके चलते इकान एंटरप्राइजेज की मार्केट वैल्यू में भारी गिरावट आई है। अब इकान इंटरप्राइजेज के चेयरमैन कार्ल इकान ने हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ कार्रवाई करने की धमकी दी है।

**कार्ल इकान ने कहा- हम चुपचाप नहीं बैठेंगे-** कार्ल इकान ने कहा कि वह अपने यूनिट होल्डर्स को बचाने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि नाथन एंडरसन द्वारा बनाई गई हिंडनबर्ग रिसर्च का नाम ब्लिट्जक्रेग रिसर्च होना चाहिए क्योंकि यह सीधे साधे नागरिकों को नुकसान पहुंचाती है और उनकी संपत्ति को तबाह करती है। इकाना ने कहा कि हिंडनबर्ग पहले कंपनियों के खिलाफ भ्रामक और झूठा प्रचार करती है और उनकी छवि को धूमिल करके निवेशकों की मेहनत से कमाई बचत का नुकसान करती है लेकिन हम कई अन्य पीड़ितों की तरह चुपचाप नहीं बैठेंगे और अपने यूनिटहोल्डर्स को बचाने के लिए हरसंभव कोशिश करेंगे।

**हिंडनबर्ग ने लगाए थे ये आरोप-** बता दें कि बीती दो मई को हिंडनबर्ग रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया है कि इकान एंटरप्राइजेज, जो कि विभिन्न सेक्टर में निवेश करती है, उसने अपनी संपत्तियों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है। साथ ही पोंजी स्कीम जैसे आर्थिक स्ट्रक्चर को अपनाने का भी आरोप लगाया था। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद इकान एंटरप्राइजेज के शेयरों में 20 फीसदी की गिरावट आई है और उसकी मार्केट वैल्यू 6.6 बिलियन डॉलर तक गिर गई है। इसके बाद इकान एंटरप्राइजेज के खिलाफ सरकार ने जांच भी शुरू कर दी है। कार्ल इकान ने कहा कि उनकी कंपनी की बैलेंस शीट मजबूत है और उनकी कंपनी के पास 1.9 बिलियन नकद और 4 बिलियन डॉलर की अतिरिक्त लिक्विडिटी है। इससे पहले जनवरी में हिंडनबर्ग ने अदाणी समूह के खिलाफ भी अपनी रिपोर्ट जारी की थी, जिसके बाद से अदाणी समूह की वैल्यूएशन में जबरदस्त गिरावट आई है। हालांकि अदाणी समूह ने भी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को समूह की छवि खराब करने वाला करार दिया था।

## ट्रूबा इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी एवं विज्ञान भारती - नेशनल सिंपोजियम आयोजित



**भोपाल।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के शुभ अवसर पर श्ब्राइट ट्रेडिशन ऑफसाइंस इन इंडियाश् विषय पर एक दिवसीय नेशनल सीम्पोसियम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ सुरेश जैन, कुलपति, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल, सम्मानीय अतिथि क्रमशः श्री प्रवीण रामदास जी, राष्ट्रीय सचिव,विज्ञान भारती, विभा वाणी, । ट्रूबा समहू के प्रमुख श्री धर्मेंद्र रघुवंशी, श्री सुनील डंडीर एवं श्री श्याम राठौर द्वारा सभी सम्मानीय अथितियो का सत्कार किया गया । इस सम्मेलन में फार्मेसी क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के अतिरिक्त फार्मा सेक्टर में रिसर्च के द्वारा अपनी पहचान बना चुके देश- विदेश के वैज्ञानिक एवं शिक्षक ऑनलाइन और ऑफलाइन मध्यम से शामिल हुए। क्रायक्रम में विभिन्न संस्थाओ के करीब 500 विद्यार्थी एवं शोध-छात्रों ने शामिल होकर अपने शोधपत्र प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में फार्मेसी के विद्वानों द्वारा छात्रों को भविष्य की फार्मेसी की रिसर्च एवं उसकी संभावनाओं के गंभीर विषय चर्चा की गयी। विभिन्न वक्ताओं द्वारा फार्मेसी क्षेत्र की उपयोगिता के साथ साथ इस बात पर जोर दिया गया कि अनुसंधान करते समय राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए।इस दौरान ये भी बताया गया की फार्मासिस्ट की मांग देश और विदेश में बढ़ रही है, तथा इस बात पर जोर दिया गया कि मानव जीवन की सुरक्षा के लिए दवा के क्षेत्र में लगातार शोध होना चाहिए और समय के साथ फार्मेसी पाठ्यक्रम में बदलाव की आवश्यकता है जो निकट भविष्य में संभव होने जा रहा है। इस अवसर पर विज्ञान भारती द्वारा विज्ञान भारती-ट्रूबा चौप्टर की घोषणा की गयी। क्रायक्रम की दूसरी पाली के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्रों के दौरान आयोजित वर्कशॉप, मौखिक प्रस्तुतियों और पोस्टर प्रस्तुतियों के लिए विभिन्न संस्थाओ से आए हुए शोधकर्ताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा सभी को सम्मेलन की अद्भुत सफलता के लिया धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## भारत में बिक्री की विशाल संभावनाएं: बोइंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विमानन कंपनी गो फर्स्ट के संकट में फंसने के बीच अमेरिकी विमान विनिर्माता बोइंग ने शुक्रवार को कहा कि वह मसले को हल करने के लिए हितधारकों के साथ मिलकर काम करेगी। बोइंग कमर्शियल एयरप्लेन्स के उपाध्यक्ष (भारत में वाणिज्यिक बिक्री एवं विपणन) रेयान वीर ने साथ ही कहा कि भारत में बिक्री की विशाल संभावनाएं हैं। इससे पहले पट्टेदारों ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के गो फर्स्ट की परिसंपत्तियों पर रोक लगाने के बारे में चिंता जताई थी। ऐसे में एयरलाइन द्वारा पट्टे पर लिए गए विमानों के पंजीकरण को रद्द करने पर भी रोक लग गई थी।

गो फर्स्ट संकट और पट्टेदारों की चिंताओं पर एक सवाल के जवाब में वीर ने कहा कि कंपनी हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही है और मुद्दों को सुलझाने के लिए अपनी तरफ से सर्वोत्तम प्रयास करेगी। उन्होंने कहा, हम नहीं जानते कि इसका क्या असर होने वाला है। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में शामिल है। इस साल की शुरुआत में बोइंग ने अनुमान लगाया था कि भारत को अगले दो दशकों में लगभग 2,210 नए विमानों की जरूरत होगी।

## बिक्री में उछाल से कार कंपनियां भर रहीं फर्राटा, अप्रैल में गाड़ियों की सेल 13 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ गई। उद्योग संगठन सिआम ने शुक्रवार को बताया कि इस दौरान सभी खंडों में मांग मजबूत रही। आंकड़ों के मुताबिक थोक बिक्री अप्रैल 2022 में 2,93,303 इकाइयों की तुलना में अप्रैल 2023 में बढ़कर 3,31,278 इकाई हो गई। थोक बिक्री का मतलब कंपनियों से डीलरों तक पहुंचने वाले यात्री वाहनों की संख्या से है। इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया ने 1,37,320 वाहन डीलरों को भेजे। पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 1,21,995 इकाई था। इसी तरह हुंदै मोटर इंडिया की थोक बिक्री अप्रैल में 49,701 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 44,001 इकाई थी। सिआम ने बताया कि दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री समीक्षाधीन महीने में 15 प्रतिशत बढ़कर 13,38,588 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 11,62,582 इकाई थी। समीक्षाधीन माह में तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री बढ़कर 42,885 इकाई हो गई।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने बढ़ाई एफडी पर ब्याज दरें, अब मिलेगा 7.75 प्रतिशत रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने फिक्स डिपॉजिट यानी एफडी पर ब्याज दरों को बढ़ा दिया है। इस सरकारी बैंक ने 2 करोड़ रुपये तक की एफडी पर ब्याज दरों को बढ़ाया है। इससे सामान्य नागरिकों को लिए बीओबी एफडी पर ब्याज दर 7.25 फीसदी तक पहुंच गई है। वहीं, सीनियर सिटीजंस के लिए दरें 7.75 फीसदी तक पहुंच गई है। बैंक ऑफ बड़ौदा की एफडी पर नई ब्याज दरें 12 मई से लागू हो गई हैं। बीते महीनों में रेपो रेट में हुए इजाफे के बाद कई बैंकों ने एफडी पर अपनी ब्याज दरों को बढ़ाया है। इससे एफडी की तरफ लोगों का आकर्षण भी बढ़ा है।

**399 दिन की एफडी पर 7.75 प्रतिशत ब्याज-** बैंक ऑफ बड़ौदा 399 दिन की एफडी पर सामान्य नागरिकों को 7.25 फीसदी और सीनियर सिटीजंस को 7.75 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है। यह बड़ौदा तिरंगा प्लस डिपॉजिट स्कीम है। यह बैंक 10 साल से अधिक अवधि की एफडी पर सामान्य नागरिकों को 6.25 फीसदी और सीनियर सिटीजंस को 6.75 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है। पांच साल से अधिक और 10 साल तक की एफडी पर बैंक सामान्य नागरिकों को 6.5 फीसदी और सीनियर सिटीजंस को 7.50 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है।

## म्युचुअल फंडों के पास ग्राहकों के बिना दावे के करोड़ों रुपए




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में म्युचुअल फंडों के संगठन (एम्फी) ने गुरुवार को कहा कि म्युचुअल फंडों के पास बगैर दावे के करीब 2,500 करोड़ रुपए के लाभांश और यूनिट हैं। इस कुल राशि में से करीब 1,600 करोड़ रुपए बगैर दावे वाले लाभांश और शेष बिना दावे से जुड़ी बिकवाली से संबंधित हैं। एम्फी के मुख्य कार्याधिकारी एन एस वेंकटेश ने कहा कि संगठन ने यह सुनिश्चित करने के लिए बाजार नियामक सेबी के साथ लगातार काम किया है कि यह राशि सही मालिकों के हाथों में पहुंच जाए।

उन्होंने कहा, 'सेबी ने एम्फी को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी है कि निवेशक या उनके नोमिनी या वारिस को पूंजी मिले। हम इस संबंध में सेबी के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह आंकड़ा निकट भविष्य में काफी घट जाएगा।' वेंकटेश ने कहा कि फंड हाउस इन निवेशकों से ईमेल आईडी और उनके पैन से जुड़े फोन नंबरों के जरिए संपर्क बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

राशि को ऐसे हालात में बगैर दावे वाली माना जाएगा, जब फंड हाउस ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन माध्यमों के जरिए निवेशकों को लाभांश और रिडम्पशन संबंधित भुगतान देने में विफल रहा हो। इसका एक कारण संबंधित बैंक खातों का बंद होना भी है। सेबी के नियमों के अनुसार, यह राशि लिक्विड या ओवरनाइट जैसी अल्पावधि डेट योजनाओं में रखी जाती है। बगैर दावे वाली बचत और निवेश लगभग सभी बैंकों और निवेश योजनाओं के लिए समस्या है। पिछले महीने सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास करीब 35,000 करोड़ रुपए की बगैर दावे की जमाएं होने का अनुमान लगाया था। वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री भागवत कराड ने संसद में एक लिखित जवाब में कहा, 'आरबीआई के पास मौजूद जानकारी के अनुसार, फरवरी 2023 के अंत तक केंद्रीय बैंक को जमाओं के संबंध में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) द्वारा बगैर दावे वाले 35,012 करोड़ रुपए स्थानांरित किए गए, जो करीब 10 साल से निष्क्रिय पड़े हुए थे।'

## वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड का वित्त वर्ष 23 में रिकॉर्ड प्रदर्शन, चौथी तिमाही में सबसे अधिक बिक्री

**मुंबई।** वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड लिमिटेड , जिसे पहले वेस्टलाइफ डेवलपमेंट के नाम से जाना जाता था, ने वित्त वर्ष 2023 के प्रदर्शन की घोषणा की है। कंपनी ने सालाना आधार पर 44 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 22.7 अरब रुपये की अब तक की सर्वाधिक बिक्री हासिल की है। सालाना 36 प्रतिशत की सेम स्टोर सेल्स ग्रोथ से कंपनी की रिकॉर्ड बिक्री में बढ़ोतरी हुई। कंपनी ने 2.5 अरब रुपये की रिकॉर्ड नकद पीएटी हासिल की, जो सालाना आधार पर 97 प्रतिशत अधिक है। वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड लिमिटेड, पश्चिम और दक्षिण भारत में मैकडॉनल्ड्स रेस्टोरेंट का मालिक और परिचालक है। समीक्षाधीन तिमाही में, कंपनी ने चौथी तिमाही में 5.56 अरब रुपये की अब तक की सर्वाधिक बिक्री की है, जो सालाना आधार पर 22 प्रतिशत अधिक है। एसएसएसजी में सालाना 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह डाइन-इन ग्राहकों में वृद्धि से प्रेरित था, जिससे ऑन-प्रिमाइसेस व्यवसाय सालाना 38 प्रतिशत की दर से बढ़ने में सक्षम हुआ। कंपनी के अपने डिलीवरी चैनल, मैकडिलीवरी प्लेटफॉर्म के यूजर्स की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी गई, क्योंकि एसओके के नेतृत्व में डिजिटल बिक्री में 62 प्रतिशत का सुधार हुआ।इस मजबूत राजस्व की वजह से कंपनी के रेस्टोरेंट ऑपरेटिंग मार्जिन में 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो अब 1,364 मिलियन रुपये है। महंगाई के दबावों और वृहद आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हुए, कंपनी का परिचालन एबिटा बढ़कर 919 मिलियन रुपये हो गया, जो सालाना 26 प्रतिशत से बढ़ा है। वेस्टलाइफ की प्रति स्टोर औसत बिक्री वित्त वर्ष 22 के 49.8 मिलियन की तुलना में 66.2 मिलियन रुपये रही। वित्त वर्ष 23 के परिणामों पर टिप्पणी करते हुए वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड लिमिटेड के वाइस-चेयरमैन अमित जटिया ने कहा, वित्त वर्ष 23 वेस्टलाइफ फूडवर्ल्ड के लिए एक ऐतिहासिक वर्ष था।

## आईआईटी जोधपुर ने भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित आयुरटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस उद्घाटन किया

### सेंटर फॉर आयुरटेक स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में अपनी तरह की अद्वितीय पहल होगा



**जोधपुर, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर द्वारा 12 मई 2023 को भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित आयुरटेक, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का उद्घाटन किया। सीओई आयुरटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित स्वास्थ्य क्षेत्र का भाग है जो आईआईटी जोधपुर के स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस में है। इस केंद्र को स्थापित करने का उद्देश्य लोगों के लिए व्यक्तिगत स्तर पर प्रारंभिक उपचार के लिए सटीक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों के लिए एआई-संचालित एकीकृत ढांचा स्थापित करना है। आयुरटेक सीओई का उद्घाटन मुख्य अतिथि, वैद्य राजेश कोटेचा, माननीय सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, और प्रो. शांतनु चौधरी, निदेशक, आईआईटी जोधपुर, ने संस्थान के फैकल्टी और कर्मचारियों की उपस्थिति में किया। सेंटर फॉर आयुरटेक स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में अपनी तरह की अद्वितीय पहल है जिसके अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स, डिजिटल स्वास्थ्य, एआई और बहु-ओमिक्स प्रौद्योगिकियों का एक साथ उपयोग करते हुए साक्ष्य-आधारित आयुर्वेद से समाधानों को खोजने पर कार्य किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा, आईआईटी जोधपुर में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित आयुरटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन करके मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूँ।

## कार्यकर्ताओं ने विधायक का जन्मदिन मनाया



**चौरइ ।** विधायक सुजीत सिंह चौधरी का जन्मदिन कार्यकर्ताओ ने बड़े ही उत्साह के साथ कांग्रेस कार्यालय मे केक काट कर मनाया इसके अलावा विधायक ने अपने जन्म दिवस कि शुरुवात बुजुर्गो के आशीर्वाद एवं सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र मे फल वितरण के साथ कि व नगर मे जगह जगह इस अवसर मे विधायक का जन्मदिन पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा मनाया गया!

## नगर निगम ने अतिक्रमण हटाया



**छिंदवाड़ा ।** नगर निगम अतिक्रमण अमले ने शुक्रवार दिनांक 12 मई को षष्ठी माता मंदिर के सामने फारेस्ट बंगले के पास से फुटकर ठेले विक्रेताओं का अतिक्रमण हटाया गया। इन अतिक्रमित ठेलों के कारण सड़क पर ट्रैफिक जैम होता था और दुर्घटनाओं की भी संभावनाएं बनी रहतीं थीं।क्षेत्र वासियों की लगातार शिकायतों पर ये कार्यवाही की गई है। निगम सहायक यंत्री नीरज तांबे,दीपक वाघमारे तथा गोविंद चौहान के द्वारा ये कार्यवाही की गई।

## आज आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

अमरवाड़ा। शासन के निर्देशानुसार 13 मई शनिवार को 10ः30 बजे अमरवाड़ा अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय, न्यायालयों मैं नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन कर लोक अदालत आयोजित होगी द्य अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश सोनी जी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से परिवार परामर्श केंद्र के समझौता योग्य प्रकरण, नगरपालिका के वसूली योग प्रकरण जैसे संपत्ति कर, जल कर के साथ शनिवार को नेशनल लोक अदालत में समझौता योग- आपराधिक चेक बाउंस (एन आई एक्ट धारा 138 )बैंक रिकवरी केसेस मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा श्रम विभाग, विद्युत एवं वाटर बिल, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, मामले, सर्विस मैटर, अन्य सिविल केसेस (किराया, सुखाधिकार अधिकार ,निषेधाज्ञा मामले विनिर्दिष्ट अनुतोष बाद) तथा प्रीलिटिगेशन मामलों के अंतर्गत चेक बाउंस, बैंक रिकवरी एवं पानी के बिल संबंधी विवादों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया जावेगा।

## नई शिक्षा नीति में रोजगार और कौशल विकास पर बल

**छिंदवाड़ा ।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, छिंदवाड़ा में प्राचार्य डॉ. अजरा एजाज के मार्गदर्शन में नई शिक्षा नीति पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वक्ता के रूप में जिला नोडल अधिकारी डॉ. पी. एन. सनेसर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है जिससे कि विद्यार्थियों का कौशल विकास किया जा सके। छात्रों को अंतर संकाय विषय चयन का स्वेच्छानुसार विकल्प भी उपलब्ध किया गया है। स्नातक प्रथम वर्ष उत्तीर्ण करने पर सर्टिफिकेट, द्वितीय वर्ष में डिप्लोमा, तृतीय वर्ष में डिग्री और चतुर्थ वर्ष उत्तीर्ण करने पर रिसर्च डिग्री प्रदान की जाएगी। इस नीति में फील्ड वर्क पर अधिक जोर दिया गया है। डॉ.विजय कलमधार ने कहा कि एकेडमीक बैंक ऑफ क्रेडिट के द्वारा किसी भी कॉलेज में पढ़े विद्यार्थी अंतराल के बाद भी किसी संस्थान में अपना अध्ययन जारी रख सकते हैं। नई शिक्षा नीति में आंतरिक मूल्यांकन, परियोजना, प्रायोगिक एवं व्यवसाय आधारित कार्य, इंटर्नशिप, भारतीय ज्ञान परंपरा आदि पर अधिक जोर दिया गया है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. पंकज पाठक एवं आभार प्रदर्शन प्रो. ढालसिंह गौतम ने किया। संगोष्ठी में डॉ. छविनम श्रीवास्तव, शोभाराम जम्होरे , प्रियंका पाठक ,रेणुका पोफली सहित छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं ।

## 2 फीडरों में बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**छिन्दवाड़ा ।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा बिजली लाईनों का मानसून पूर्व मेंटनेंस कार्य किया जा रहा है तथा 13 मई को 2 फीडरों के क्षेत्र में प्रातः 7 से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी । कंपनी द्वारा बिजली आपूर्ति बंद रहने के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई है ।

# एक करोड़ 70 लाख का अवैध सोना पकड़ाया

### जेवर बनाने का चल रहा था अवैध कारखाना, पुलिस सहित आयकर, जीएसटी की टीम ने मारा छापा, पश्चिम बंगाल से सोने की तस्करी का शक, पुलिस कर रही जांच



**छिंदवाड़ा ।** आतंकी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर का स्लीपर सेल अब्दुल करीम के मिलने के बाद छिंदवाड़ा पुलिस हाई अलर्ट पर है शुक्रवार को एसपी की टीम ने शहर के बड़ा इमामबाड़ा के पास सोने के जेवर बनाने के एक कारखाने में छापा मारकर करीब दस बंगाली मुसलमानों को हिरासत में लिया है ये लोग सामूहिक रूप से बिना किसी फर्म के सोने के जेवरों का कारोबार इमामबाड़ा में स्थित चार मंजिल की बिल्डिंग में चला रहे थे इनके पास से 2 किलो 500 ग्राम सोना एक करोड़ 70 लाख का अवैध रूप से पाया गया। इन्होने तीन मंजिल किराए पर ले रखी थी। पुलिस ने यहां आजिम मुसलमान सहित बिल्डिंग में मिले 10 लोगों को पूछताछ के लिए ले गई सभी बंगाली मुसलमान हैं छिंदवाड़ा में आने के बाद अब तक इनका पुलिस वेरिफिकेशन भी नहीं हुआ था। बिल्डिंग में सोना छीलने, गलाने, उजालने, जेवर बनाने के टूल और मशीनों के साथ ही बिना बिल का सोना मिला पुलिस की टीम अभी जांच कर रही है। शक है कि ये लोग बंगाल से सोने की तस्करी कर सोना छिंदवाड़ा लाते हैं और अपना जेवर बनाने का अवैध कारोबार चलाते हैं। खास बात है कि उनके कारोबार में लोकल का कोई व्यक्ति शामिल नहीं है। तीन मंजिल इस बिल्डिंग में चल रहे कारखाने में काम करने वाले कारीगर भी पश्चिम बंगाल क्षेत्र के मुसलमान हैं। पिछले कई सालों से वे यहां कारोबार कर रहे थे जिसमें बड़े पैमाने पर इंकम टैक्स और जीएसटी की चोरी का मामला है। सोने के कारोबार से जुड़े ऐसे दर्जनों बंगाली मुसलमान छिंदवाड़ा में हैं लेकिन वे सोना लाते कहा से हैं यह जांच का विषय है। एसपी स्क्वाड में सिटी एसपी अमन मिश्रा सहित टीम शामिल थी इस बिल्डिंग में कौन रह रहा है पड़ोसी तक को मालुम नहीं है।

**इनका कहना**

बिना कागजात के सोने का अवैध कारोबार किया जा रहा था कार्रवाई कर एक करोड़ 70 लाख का सोना जब्त किया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**अमन मिश्रा, सीएसपी छिंदवाड़ा**

## 20 मई को विश्व मधुमक्खी दिवस पर राज्य स्तरीय तीन दिवसीय किसान सम्मेलन 18 से कार्यशाला में देश विदेश से आएंगे वैज्ञानिक: गौरीशंकर बिसेन



**छिंदवाड़ा ।** विश्व मधुमक्खी दिवस पर 18 मई से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन राजाभोज शासकीय कृषि महाविद्यालय नेवरगांव लालबर्रा में आयोजित किया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर से आग्रह कर यह अवसर बालाघाट जिले का प्राप्त हुआ है। प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री और पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा कर जानकारी दी। उन्होने बताया कि 18 मई से 20 मई तक राज्य स्तरीय तीन दिवसीय विराट किसान सम्मेलन, कृषि प्रदर्शनी मधुमक्खी, मत्स्य, दुग्ध प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय बैल जोड़ी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यशाला में देश और विदेशों से विषय विशेषज्ञ वैज्ञानिक आएंगे और वे जानकारी देंगे।

**परंपरागत खेती से हटकर हो रही किसानों की आय**

श्री बिसेन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृषकों की आय परम्परागत खेती श्रोतों से हटकर विशेष क्षेत्र जैसे मधुमक्खी पालन, झिंगा पालन, चिन्नोर चांवल जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा शुगर फ्री मोटा अनाज एवं खाद्य प्रस्संकरण को केन्द्रीत करते हुए राष्ट्रीय फसल बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदा से सहायता एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ देकर देश के किसानों ने भारत को न केवल आत्मनिर्भर बनाया बल्कि एक्सपोर्ट करने वाले कृषकों की श्रेणी में खड़ा किया है।

**कमलनाथ देख रहे मुंगेरी लाल के सपने**

गौरीशंकर विसेन ने पत्रकार वार्ता में राजनीति से संबंधित ज्यादा चर्चाएं नहीं की लेकिन जब उनसे पूछा गया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लाड़ली बहना योजना के तुलना में कमलनाथ ने नारी शक्ति योजना लागू कर 1500 रूपए महने देने का वचन दिया है। इस पर श्री बिसेन ने कहा कि कमलनाथ मुंगेरी लाल के हसीन

## किशोरी बालिकाओं का हुआ स्वास्थ परीक्षण



**परासिया ।** परासिया नगर के आंगनवाड़ी केन्द्र वार्ड नम्बर 15 में लाडली लक्ष्मी एवं किशोरी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । स्वास्थ परीक्षण एवं जाँच स्वास्थ विभाग की एन, एम, श्रीमती फरहाद खान के द्वारा किया गया । लाडली लक्ष्मी एवं किशोरी बालिकाओं को कैसे स्वस्थ एवं निरोगी रहना है । उपाय बता कर सम्पूर्ण जानकारी दी गई । कार्यक्रम में सर्व श्री बसन्त मालवी जिला अध्यक्ष रजक समाज एवं कार्यकर्ता राज कुमारी डेहरिया । सहायिका रानी नुनाहरिया । लाडली लक्ष्मी एवं किशोरी बालिका में कुमारी ऋषिका विश्वकर्मा ,जिज्ञाषा धुर्वे राधिका उइके इशिका उइके त्रिशा देवले शगुन सोनी धनुषा सातनकर रोहणी धुर्वे जिया खान समीक्षा वैस जीनत खान एवं वार्ड की महिलाएं उपस्थित थी ।

## शहर के सौंदर्यीकरण के लिए व्यापारियों, आर्किटेक्ट्स, आर्टिस्ट्स, पेंटर्स एवं निगमकर्मियो की बैठक



**छिंदवाड़ा ।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जनभागीदारी के साथ शहर के बाजारों को सुन्दर बनाने के लिए शहर के व्यापारियों, आर्किटेक्ट, आर्टिस्ट्स, पेंटर्स एवं निगम की टीम की बैठक दिनांक 12-05-2023 को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में ली। कलेक्टर ने व्यापारियों से बाज़ारों में एकरूपता लाने एवं दुकानों के आगे के भाग को आकर्षक करते हुए सौंदर्यीकरण के बारे में पुर्नविचार करते हुए उसे बाज़ारों को सुन्दर और व्यवस्थित करने की अपील की। बाजार ने दो दुकानों के बीच के खुले ऊपरी भाग को ढंकने के लिए स्काई लाइट लगाने एवं फुटपाथ को सुंदर बनाने की भी अपील की। बैठक में निगम की स्वच्छता टीम ने सबके सामने शहर के प्रमुख बाज़ारों को कैसे सुन्दर बनाया जा सकता है इसके लिए प्रेजेंटेशन दिया तत्पश्चात कलेक्टर ने व्यापारियों से उनके सुझाव मांगेद्ध बैठक में सर्वप्रथम फव्वारा चौक से गोलगंज तक की मार्केट को सुन्दर और व्यविस्थ करने का निर्णय लिया गया उसके बाद अन्य बाजारों में इस प्रकार की योजना को लागू करने का निर्णय सर्वसहमति से लिया गया। कलेक्टर की अपील को मूर्त रूप देने के लिए व्यवसायी अमित रुपड़ा, राजेंद्र बाकलीवाल, चक्रेश जैन, बगुल पंड्या ने फब्बारा चौक से गोलगंज़, मानसरोवर के सामने के लिए संजय लालवानी, जेल बगीचा में कोमल साहू एवं कमानिया गेट से राज टॉकीज के लिए पंकज जैन, जय राय, अंशुल जैन ने व्यापारियों से बैठक कर बाजार के सौन्दर्यीकरण का जिम्मा लियाद्ध बैठक में बाजार की दुकानों के लिए एक जैसे बिलबोर्ड्स, एक थीम पर पुताई कराने, रंगबिरंगी पालों को हटाकर सभी दुकानों के सामने एक थीम का सौन्दर्यीकरण इन मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। कलेक्टर ने अपील कि है की यह काम शीघ्र शुरू होकर एक से दो सप्ताह में पूरे हो जाएँ जिससे शहर की सुन्दरता में चार चाँद लग जायेंगे एवं इससे बाजार ने ग्राहक बढ़ेंगे। बैठक में निगम आयुक्त राहुल सिंह, कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली, निगमकर्मी, व्यापारीगण, आर्किटेक्ट्स, पेंटर्स, आर्टिस्ट्स एवं अन्य लोग उपस्थित रह।

## मिलकर बनाएंगे स्वच्छ एवं सुंदर छिन्दवाड़ा, दिलाई शपथ



**छिन्दवाड़ा ।** हम संकल्प लेते हैं कि सब मिलकर अपने प्रिय छिन्दवाड़ा को स्वच्छ एवं सुंदर बनाएंगे, इसका शुभारंभ स्वयं से, अपने घर परिवार से, अपने मोहल्ले से करेंगे। हम न तो गंदगी करेंगे और न ही किसी को गंदगी करने देंगे ओर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में अपने छिन्दवाड़ा को नम्बर वन बनाएंगे।शुक्रवार के दिन यह संकल्प लिया वार्ड नम्बर 31 छोटी माता क्षैत्र के नागरिकों ने, जहां नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर दीपकराज जैन द्वारा स्वच्छता सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र वासी सम्मिलित हुए। श्री जैन द्वारा सभी को गीला कचरा, सूखा कचरा सहित स्वच्छता सम्बंधी समस्त जानकारी देकर सभी से छिन्दवाड़ा को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर वार्ड पार्षद टिंकू राय ने घर घर जाकर सभी को जागरूक किया और स्वच्छता अभियान में नगर पालिक निगम का साथ देने की अपील की, जिनके साथ स्वच्छता की शपथ लेने वालों में चंदा राठी, ममता लखेरा, आशा चंदेरिया, ऊषा लखेरा, रिया चंदेल, सरोज अग्रवाल, मालती ताम्रकार, शहजाद खान, ग्यारसी यादव, कीर्ति राय, ऊषा यादव एवं रंजना साहू सहित अन्य वार्ड वासी सम्मिलित हुए।

## बिलासपुर से इन्दौर छिंदवाड़ा होते हुये नई रेल चलाने की मांग

### यात्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र



**छिंदवाड़ा ।** नागपुर-नैनपुर-जबलपुर-गोंदिया बड़ी रेल लाईन प्रारम्भ होने के बाद नई-नई ट्रेनों को चलाने की मांग बढते जा रही है। यात्रियों के अनुसार बिलासपुर से इन्दौर नई रेल चलाने की मांग की जा रही है, इससे इन्दौर भोपाल का संबंध राजधानी रायपुर से जुड जावेगा।

वैसे छिंदवाड़ा से इन्दौर पेंचव्हेली ट्रेन चलती है, इसे भी रायपुर-बिलासपुर तक बढाया जा सकता है। रायपुर से चलने वाली ट्रेन गोंदिया नैनपुर छिंदवाड़ा होते हुये भोपाल इन्दौर जायेगी, यह नागपुर नहीं जायेगी, इस ट्रेन के चलने से रायपुर-इन्दौर की दूरी कम होगी एवं समय की बचत होगी।

जुलाई माह में रेल्वे का नया टाईम टेबिल आता है, इस रूट से कई नई रेलें रेल्वे द्वारा चलाई जाने की संभावनायें बनाई जा रही है। बताया जाता है कि यात्रियों द्वारा प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री को कई पत्र लिखे गये हैं।

## 10वी ओर 12वी में गुरुकुल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत






**छिंदवाड़ा ।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी संत श्री आशारामजी गुरुकुल का परीक्षा परिणाम सत प्रतिसत रहा । कक्षा 12वीं में 90त्न विद्यार्थियों ने 75 से अधिक अंक लाए वही कक्षा दसवीं के अधिकतर विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाये। कक्षा दसवीं में कृति कुकरेजा ने 97त्न आस्था नोतानी 93 प्रतिशत अंनध तिवारी 90 प्रतिशत अंक लाए। कक्षा 12वीं में गगन राय 89 प्रतिशत धर्मेश गांधी 88 प्रतिशत केशव बीस्ट ने 87 प्रतिशत अर्जित किए इस खुशी के अवसर पर गुरुकुल की संचालक दर्शना खट्टर ने बताया कि आध्यात्मिक और आधुनिक शिक्षा के कारण बच्चों का चहुमुखी विकास होता है इसी कारण गुरुकुल के विद्यार्थी विश्व के हर क्षेत्र में अग्रणी रहते हैं यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को राष्ट्र से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक की प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने माता-पिता और जिले को गौरवान्वित किया है सभी विद्यार्थियों को समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई प्रबंधक सुशील सिंह परिहार प्राचार्य वागीशा बहन, छात्रावास प्रभारी सोमनाथ पवार ने सभी को इस मौके पर बधाई दी ।

## विभागीय शालाओं, छात्रावास, आश्रम व विशिष्ट विद्यालयों में पाक्सो पेटी लगाने के निर्देश

**छिन्दवाड़ा।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और भारत सरकार द्वारा बच्चों के विरुध्द बढ़ते लैंगिंग अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष कानून लैंगिंग अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रावधानों की जागरुकता के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कार्ययोजना बनाई गई है । इस कार्य योजना के अंतर्गत बाल संरक्षण की दृष्टि से जिले के सभी शासकीय व अशासकीय हाई व हायर सेकेण्डरी शालाओं में पाक्सो (शिकायत) पेटी लगाई जाना है जिससे स्कूली बच्चे खासकर बालिकायें अपनी सुरक्षा संबंधी शिकायतों/मुददों को पेटी में

## दुनिया में नाम कमाने वाली बेटी का भाजपा ने अपमान किया: किरण चौधरी

### अब क्यूं मौन है, भाजपा जिला अध्यक्ष ौर महिला मोर्चा अध्यक्ष

**छिन्दवाड़ा ।** बीते एक सप्ताह में महिलाओं को मां, बहन और बेटी के रूप में पूजने का ढोंग करने वाली भाजपा सरकार और उसके मुख्यमंत्री सहित अन्य स्थानीय नेता व नेत्रियों का असली चेहरा जनता के समक्ष उजागर हो चुका है। चाल, चरित्र और चेहरे की दुहाई देने वाली भाजपा अपने अंतत्चरित्र को छिपा नहीं पाई है। कांग्रेस पर नारी के अपमान का आरोप लगाने वाले ऊपर से नीचे तक के बड़बोले अब जनता को जवाब दें क्या नारी का सम्मान केवल भाजपा का एक ढोंग है या पूरा नारी समाज इनके स्वार्थ पूर्ती का साधन है।भाजपा जिलाध्यक्ष व जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष व अन्य जिम्मेदारों को घेरते हुये जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी ने सवाल दागे हैं कि सम्पूर्ण प्रदेश में लाड़ली बहना योजना के नाम से माताओं, बहनों को बहकाने वाली भाजपा सबसे पहले इस बात का जवाब दें कि उन्होंने भारत ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में देश व प्रदेश का नाम रोशन करने वाली पर्वतारोही मेघा परमार को अपमानित कर उसे ब्रांड एंबेसडर पद से क्यूं हटाया। कल तक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं अभियान का चेहरा बनी सुश्री मेघा भाजपा के लिये अब ना बेटी रही और न भांजी। जब तक जरूरत रही सुश्री मेघा का उपयोग किया और अब अपमानित कर निकाल दिया। श्रीमती चौधरी ने भाजपा से पूछा है कि क्या जबरन की भीड़ बढ़ाकर लाड़ली बहना सफल हो जायेगी और इसके लिये भाजपा महिलाओं की जिन्दगी तक दांव पर लगा रही है। गत दिवस मंदसौर में आयोजित लाड़ली बहना के कार्यक्रम में भीड़ बढ़ाने के लिये रोजनदारी से काम कर रही महिलाओं को बसों में ठूंस ठूसकर ले जाया गया। परिणाम स्वरूप दो बसें पलट गई और सैकड़ों महिलायें हताहत हुई। परन्तु भाजपा को कोई हमदर्दी नहीं। एक अन्य आरोप लगाते हुये श्रीमती चौधरी ने कहा बीते दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का हरदा जिले के ग्राम रहटगांव में आगमन होने वाला था। हजारों की संख्या में महिलायें नारे लगा रही थी। पुलिस बल ने रस्से के सहारे महिलाओं को रोका, यह भीड़ मामा या भाई का गुणगान करने के लिये नहीं थी बल्कि उपस्थित महिलायें नारे लगा रही थी ये काहे का भाई है, मामा नहीं कसाई है। अब भाजपा के नुमाइन्दे जनता को जवाब दे कि उनके घोषणावीर मुख्यमंत्री का ऐसा सम्मान क्यूं ?जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती चौधरी ने आगे कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा महिलाओं को अपमानित करने के सैकड़ों उदाहरण है परन्तु अंध भक्ति और मंदबुद्धि ने आंखों के आगे अंधेरा फैला रखा है।

# चीरघर जमीन में हुआ था करोड़ों का घोटाला 24 मई को शिकायतकर्ताओं की लोकायुक्त में पेशी

## लोकायुक्त ने आयुक्त और सेवानिवृत्त ई पर किया मामला दर्ज



**छिंदवाड़ा।** चीरघर जमीन में हुई बंदरबांट पर भोपाल लोकायुक्त ने तीन साल बाद तात्कालिक आयुक्त इच्छित गढ़पाले और ईई एनएस बघेल पर एफआईआर दर्ज की है। सीटीसीएल के नाम पर आरोपियों ने सरकारी जमीन का दुरुपयोग कर ठेकेदार को लाभ पहुंचाने का आरोप लोकायुक्त की जांच में सिद्ध हो चुका है। नजूल की जिस जमीन का उपयोग सार्वजनिक प्रयोजन के लिए किया जाना था। उसका उपयोग व्यावसायिक किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि इस प्रकरण में अधिकारियों के बाद अब समिति में शामिल बाकी लोगों पर भी कार्रवाई तय मानी जा रही है। जमीन से जुड़ा अब तक का ये सबसे बड़ा घोटाला है। जिला जेल के पीछे स्थित नजूल की जमीन नगर निगम को सार्वजनिक उपयोग के लिए प्रदान की गई थी, लेकिन अधिकारियों द्वारा इस जमीन पर पीपीपी मोड से व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा था। जिसके ऐवज में निगम को महज 10 करोड़ रुपए दिए जा रहे थे। जमीन के इस बड़े घोटाले में अधिकारियों से लेकर नेताओं की सीधी मिलीभगत थी। शिकायत पर जांच का जिम्मा भोपाल लोकायुक्त को दिया गया था। सालों से चल रही जांच के बाद लोकायुक्त अधिकारियों ने माना की तात्कालिक निगम आयुक्त गढ़पाले और ईई बघेल ने निर्माण में नियमों की खुली अवहेलना की, निर्माण ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई कमेटी को अपने स्तर पर बदलने का प्रयास किया। लोकायुक्त ने शुरुआती जांच के आधार पर तात्कालिक कमिश्नर गढ़पाले और ईई बघेल पर धारा 7 (ग) के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

**इनका कहना**

छिंदवाड़ा निगम के चार पार्षदों की शिकायत पर तात्कालिक आयुक्त इच्छित गढ़पाले और ईई एन एस बघेल पर एफआईआर दर्ज की गई है। जांच में पाया है कि जमीन आवंटन में पद का दुरुपयोग किया गया है।

**संजय साहू**
**एस पी, लोकायुक्त भोपाल**

### जांच में क्या पाया लोकायुक्त ने ?

1. सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के निर्माण में विधि विरुद्ध तरीके से कार्य करते हुए शासकीय भूमि का दुरुपयोग कर ठेकेदार को लाभ पहुंचाया।2. पीपीपी मोड का स्वयं निर्णय लेकर स्व-वित्त पोषित योजना से कार्य करवाया गया।3. सीटीसीएल के निर्माण कार्य के लिए बनाई गई कमेटी को स्वयं अपने स्तर पर बदलने का अपराध किया गया जो जांच में प्रमाणित हो गया है।

### वर्तमान में मुरैना जिपं सीईओ है गढ़पाले

तात्कालिक नगर निगम आयुक्त इच्छित गढ़पाले वर्तमान में जिला पंचायत सीईओ मुरैना के पद पर पदस्थ है। वहीं तात्कालिक मुख्य कार्यपालन यंत्री एनएस बघेल रिटायर्ड हो चुके हैं। इस मामले में उन अफसरों पर भी कार्रवाई की तलवार लटकी हुई है, जो उस समय सीसीटीएल में सदस्य के रूप में शामिल थे इसमें पुलिस और प्रशासन के आला अफसरों का भी निपटना तय माना जा रहा है।

### करोड़ों के घोटाले में कांग्रेस-भाजपा नेताओं की जुगलबंदी

इस करोड़ों के जमीन घोटाले में कांग्रेस और भाजपा नेताओं की भी पर्दे के पीछे से जुगलबंदी थी, लेकिन पूरा खेल निर्माण ठेकेदार के नाम पर खेला जा रहा था। 2016-17 से ये मामला सुर्खियों में था। 2018 में कांग्रेस सरकार बनने के बाद भी ये मामला चर्चाओं में आया, लेकिन किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस दौरान भाजपा पार्षदों का एक गुट प्रकरण में दोषियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़ा रहा। जिसका ही असर है कि सालों बाद इस प्रकरण में दोषी अफसरों पर एफआईआर दर्ज हुई है।

### भाजपा के चार पार्षदों ने की थी शिकायत






इस मामले की शिकायत भाजपा नेताओं ने लोकायुक्त में करते हुए 200 करोड़ का जमीन घोटाला बताया था। इसका शपथ पत्र भी लोकायुक्त को सौंपा गया था। शिकायत करने वालों में वर्तमान में निगम में नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, पार्षद संतोष राय, भाजपा नेता शिव मालवी और हरिओम सोनी थे।

### 24 को लोकायुक्त जलबपुर में पेशी

चीरघर घोटाले मामले में लोकायुक्त द्वार प्रकरण दर्ज करने के बाद लोकायुक्त जबलपुर में उपपुलिस अधीक्षक सुरेखा परमार ने 24 मई को जबलपुर में चारों शिकायत कर्ताओं को जबलपुर बुलाया है।

# रतलाम, धार-शाजापुर में हीट वेव राजस्थान-गुजरात से आ रही गर्म हवाएं



**भोपाल।** मध्यप्रदेश अब भट्टी की तरह तप रहा है। राजस्थान-गुजरात से हीट वेव यानी गर्म हवाएं आने से ऐसा हो रहा है। रतलाम में तापमान रिकॉर्ड 45.5 डिग्री तक पहुंच चुका है। पिछले 9 दिनों से रतलाम प्रदेश में सबसे गर्म रहा है। शुक्रवार को यह देश का तीसरा सबसे गर्म शहर रहा। शनिवार को भी गर्मी तेवर दिखाएगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि रतलाम, धार और शाजापुर में हीट वेव चलेगी। राजस्थान-गुजरात से सटे अन्य जिलों में भी भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है।

प्रदेश के 27 शहरों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच चुका है। तीन दिन में ही तापमान में औसतन 5 से 10 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। रतलाम में 4 मई को तापमान 36.2 डिग्री था, जो 12 मई को 45.5 डिग्री तक आ गया। भोपाल-इंदौर में तापमान 41, ग्वालियर में 42 और जबलपुर में 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा चल रहा है। प्रदेश के तीन शहर रतलाम, धार और शाजापुर में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ रही है।

रतलाम, शाजापुर और धार जिले में अगले कुछ दिन तक हीट वेव चलने की आशंका है। इन्हीं तीन शहरों में तापमान सबसे ज्यादा है। इसके बाद टीकमगढ़ का नंबर आता है। यहां भी पारा 43 डिग्री से ज्यादा है। ग्वालियर में तापमान 42.6 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं, भोपाल, इंदौर और जबलपुर में पारा 40-41 डिग्री के बीच है। दमोह, गुना, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, सागर, खजुराहो, नर्मदापुरम, नौगांव, नरसिंहपुर, रायसेन, बैतूल, मलांजखंड, रीवा, सतना, सीधी, छिंदवाड़ा, उमरिया और मंडला में भी पारा 40 डिग्री के पार पहुंच चुका है।

# भोपाल में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ



**भोपाल।** आज शनिवार सुबह जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। आज जिला न्यायालय भोपाल और बैरसिया में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हो रहा है जिसमे 72 हजार से अधिक प्रकरण समझौते के लिए रखे गए जिनका आपसी सहमति और सुलाह से प्रकरणों का निराकरण होंगा। इस दौरान आयुक्त पुलिस कमिश्नर हरिनारायण मिश्र चारी ने जिला न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर में महात्मा गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर नेशनल लोक अदालत का भोपाल में शुभारंभ किया।

अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, चैक बाउंस के प्रकरण बैंक वसूली प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत अधिनियम के प्रकरण, वैवाहिक विवाद के प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण और सभी प्रकार के सिविल एवं भूमि विवाद के प्रकरण एवं न्यायालयों में लंबित समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरण रखे जाएंगे। मुकदमा पूर्व प्रकरण में चैक संबंधी विवाद, बैंक वसूली विवाद, विद्युत बिल, विद्युत चोरी संबंधी विवाद, नगर पालिका में जलकर, संपत्तिकर के विवाद संबंधी प्रकरण, परिवार परामर्श केन्द्र के समझौता योग्य प्रकरण, यातायात के उल्लंघन से संबंधित ई-चालान संबंधी प्रकरण भी रखे जाएंगे। लोक अदालत में प्रकरण का राजीनामा होने से न्यायालय शुल्क वापस हो जाती है,लोक अदालत का आदेश / निर्णय अंतिम होता है।

## वन विभाग के विनियमित स्थायी कर्मी नियमित होंगे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच की सार्थक पहल के बाद वन विभाग मुख्यालय ने वन विभाग के विनियमित स्थायी कर्मियों को चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर शासन के आदेश अनुसार नियमित नियुक्ति करने के आदेश जारी कर दिए है मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच वन विभाग के कर्मचारी नेता अशोक पांडे लव प्रकाश पाराशर हरि सिंह गुर्जर आर पी वर्मा सत्येंद्र पांडे श्याम लाल विश्वकर्मा आदि ने वन मुख्यालय के आदेश का स्वागत किया है।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अतः अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि शासन ने 7 अक्टूबर 2016 को सामान्य प्रशासन विभाग से आदेश जारी करा था कि विभागों के रिक्त चतुर्थ श्रेणी के पदों पर स्थायी कर्मियों को नियमित नियुक्ति दी जाए लेकिन वन विभाग मुख्यालय प्रदेश के वन मंडलों में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पद होने के बावजूद भी स्थायी कर्मियों को नियमित करने की कार्यवाही नहीं कर रहा था जिसको लेकर मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच लंबे समय से संघर्ष कर पहल कर रहा था अब शासनादेश के 7 साल बाद वन मुख्यालय ने आदेश जारी करके प्रदेश के 15 वन मंडलों में 68 चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर वन विभाग के विनियमित स्थायी कर्मियों को नियमित नियुक्ति प्रदान करने के आदेश जारी करे है।

## दीपक के बाद जिज्जी भी करेंगी कांग्रेस में एंट्री?



**भोपाल।** पूर्व सीएम कैलाश जोशी के बेटे दीपक जोशी की कांग्रेस में एंट्री के बाद क्या बुंदेलखंड की जिज्जी यानि पूर्व मंत्री कुसुम मेंहदेले भी विरोधी खेमे में जाएंगी? अंचल की दो जिज्जी दमदार नेता हैं। एक की नाराजगी तो जैसे-तैसे दूर हो गई, लेकिन दूसरी को जबरिया रिटायरमेंट देकर घर बैठा दिया गया है। हालांकि, वे हार मानने को तैयार नहीं।

जिज्जी की इस नाराजगी की आग में घी डालने कांग्रेस के पंडित जी यानि पूर्व मंत्री मुकेश नायक पहुंच गए। जिज्जी और नायक की मुलाकात से कयास लग रहे हैं कि क्या अब दीपक के बाद जिज्जी भी घर छोड़कर नए घर में शिफ्ट हो जाएंगी। जिज्जी ने खुलकर तो कुछ नहीं कहा, लेकिन भविष्य में क्या होगा? इसकी आशंकाओं को भी जन्म दे दिया। अब पार्टी के सरदार का सिरदर्द बढ़ रहा है, क्योंकि सरदार की सियासत का सियासी गढ़ भी जिज्जी की जन्मभूमि ही है।


## उज्जैन दर्शन के लिए पर्यटकों को अब मिलेगा ई-स्कूटर



**उज्जैन।** जल्द ही पर्यटकों को उज्जैन शहर घूमने के लिए उज्जैन नगर निगम किराये पर ई- स्कूटर उपलब्ध कराएगा। पर्यावरण सुधार और सड़क पर यातायात का दबाव कम करने को शहर के भीतर 20 और बाहर 10 इलेक्ट्रिक बसें भी चलवाएगा। महाकाल महालोक के आसपास ई-रिक्शा चलाने की व्यवस्था ठेके पर दी जाएगी। पुरानी 15 सीएनजी बसों की मरम्मत कराकर उन्हें आनरोड किया जाएगा।

ये सारे निर्णय शुक्रवार को हुई नगर निगम की उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (यूसीटीएसएल) बोर्ड आफ डायरेक्टर्स की बैठक में लिए गए। एक के बाद एक कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए। बैठक चेयरमैन उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में हुई थी। बोर्ड आयुक्त रोशन कुमार सिंह ने बताया कि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप माडल पर इलेक्ट्रिक स्कूटर शहर में किराये पर चलाने को उपलब्ध कराए जाएंगे।

### जानेमाने कार्टूनिस्ट कौशल मालवीय नहीं रहे



भोपाल। प्रदेश के जानेमाने कार्टूनिस्ट एवं श्री नंदकिशोर मालवीय के ज्येष्ठ भ्राता श्री कौशल मालवीय का आज सुबह भोपाल में निधन हो गया। 59 वर्षीय कौशल मालवीय पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। श्री कौशल मालवीय बतौर कार्टूनिस्ट प्रदेश के मीडिया जगत में अपनी अलग पहचान रखते थे। श्री कौशल मालवीय के बनाए कार्टून दैनिक जागरण, सांध्य प्रकाश, नवभारत, राजएक्सप्रेस, एक्सप्रेस न्यूज और चर्चित पाक्षिक समाचार-पत्र बिच्छू डॉट काम में छपते रहे हैं। श्री कौशल के बनाए कई कार्टून राजनीतिक बीथिकाओं में काफी चर्चाओं में रहे। राजनीतिक घटनाक्रमों और समसामयिक विषयों पर उनके कार्टून राजनीति दलों और राजनेतओं को हमेशा परेशान करते थे।

# आप, एआईएमआईएम और बसपा मप्र में भाजपा के समर्थन से लड़ती हैं चुनाव, कांग्रेस का काटती हैं वोट: दिग्विजय सिंह

**शहडोल।** पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह सीधी से शहडोल पहुंचे थे। यहां उन्होंने आप, बीएसपी, एआईएमआईएम और गोंडवाना पर पार्टी पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यह पार्टियां मध्य प्रदेश में भाजपा के समर्थन पर चुनाव लड़ती हैं। यह केवल कांग्रेस का वोट काटने के लिए ही यहां आते हैं। मध्यप्रदेश में कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से है।



दिग्विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस जिन सीटों पर लगातार हार रही है, मैं वहां का दौरा कर रहा हूं। मेरे साथ रामेश्वर नीखरा भी हैं। कांग्रेस का संगठन इन सीटों पर कमजोर रहा है। इसे स्वीकार ने में मुझे परहेज नहीं है। कमलनाथ जी इसे बहुत सुव्यवस्थित तरीके से ठीक कर रहे हैं। पूरा ढांचा तैयार किया जा रहा है। हर विधानसभा को मंडल सेक्टर में बांट दिया है। पहले भी प्रयास होता था, लेकिन इतना व्यवस्थित तरीके से कभी काम नहीं हुआ।

मध्यप्रदेश में भाजपा साढ़े अठारह साल से सत्ता में है। वह लगातार चुनाव में वादे करती है, लेकिन उसे पूरा नहीं करती। कांग्रेस ने किसानों का कर्ज माफ किया है। 50 हजार तक के कर्ज माफ हो गए थे। जो बच गए थे, उनके होने वाले थे। जब जब कांग्रेस सरकार बनाती है, बिजली का बिल कम हो जाता है। भाजपा की सरकार में बिजली के बिल ज्यादा आने लगते हैं।

## मप्र के सीएम राइज स्कूलों में अभिभावकों को देना पड़ेगा विद्यार्थियों की ड्रेस का पैसा

**भोपाल।** सीएम राइज स्कूलों में पढ़ने वाले नौवीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की गणवेश (ड्रेस) की राशि सरकार नहीं देगी, बल्कि यह राशि अभिभावकों से ली जाएगी। आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव ने सीएम राइज स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि छात्र-छात्राओं को दो-दो जोड़ी ड्रेस दी जानी हैं, इसके लिए अभिभावकों से क्रमश- 1076 और 1530 रुपये लिए जाएं। हैरत की बात यह है इस राशि से ठेकेदारों से ड्रेस तैयार कराकर विद्यार्थियों को दी जाएगी। बता दें कि सरकार पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को निश्शुल्क गणवेश (ड्रेस) देती है। विद्यार्थियों की ड्रेस को लेकर निजी स्कूलों पर हमेशा सांठगांठ के आरोप लगते हैं। इन स्कूलों और ड्रेस विक्रेताओं में परस्पर एक अनुबंध होता है, जिस कारण बाजार में स्कूलों की ड्रेस काफी महंगी बेची जाती हैं। ऐसा ही कुछ सीएम राइज स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ होने वाला है।

इन विद्यार्थियों को ड्रेस तो सस्ती मिल जाएगी, पर कपड़ा अच्छा नहीं मिलेगा। क्योंकि इतनी राशि में सरकारी मापदंड के अनुसार कपड़ा देना मुश्किल है। वहीं विभाग अभिभावकों से पैसे लेकर ड्रेस खरीदकर दे रहा है, इसे लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, क्योंकि ठेकेदार को ड्रेस की राशि भुगतान करने की व्यवस्था को केंद्रीयकृत कर दिया गया है।

## ठग महिला ने क्रिप्टो करंसी-डॉलर से किया लेनदेन, कोर्ट ने सोमवार तक रिमांड पर सौंपा

**इंदौर।** गैरेज मालिक को ठगने के मामले में पकड़ाई कमोडिटी कारोबारी को कोर्ट ने दो दिन की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। पुलिस ने उसके पास से लैपटॉप, मोबाइल भी जब्त किए हैं। इनकी प्रारंभिक जांच करने पर पुलिस को डॉलर व क्रिप्टो करंसी में लेनदेन का रिकॉर्ड भी मिला है। दूसरी ओर महिला की गिरफ्तारी के बाद इससे पीड़ित दूसरे लोग भी राऊ थाने पहुंचे। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत के बाद एफआईआर की संख्या बढ़ भी सकती है।

राऊ थाना प्रभारी नरेन्द्र रघुवंशी के मुताबिक पुलिस ने ठगी के आरोप में जीनत पति साजिद हुसैन निवासी वास्तु अपार्टमेंट इक्का पॉइंट को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसका सोमवार तक का रिमांड लिया गया। पुलिस जीनत से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने जीनत के घर से मोबाइल, लैपटॉप, मोबाइल और लाखों रुपए लेनदेन के डॉक्यूमेंट जब्त किए हैं। पुलिस को जीनत के घर से कई मोबाइल सिम भी मिली है। पुलिस अब जीनत और उसके पति साजिद हुसैन के बैंक अकाउंट की जानकारी निकालेगी।

जीनत इंदौर के ही रणजीत हनुमान मंदिर इलाके के साथ माणिक बाग और जूनी इंदौर इलाके में ठगी कर चुकी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि जीनत ने आरिफ के अलावा उसकी सास अफ्शा खान, जैनब, मोसाद खान और अलमका महू में रहने वाली महिला को भी ठगा है। पुलिस ने लेनदेन की पड़ताल करने के लिए शुक्रवार को कुछ पीड़ितों को थाने बुलाकर पूछताछ की।

अफ्शा ने जीनत से अपना पैसा मांगा। नहीं देने पर अफ्शा जीनत के घर पहुंच गई। यहां दोनों के बीच विवाद हुआ। जीनत यहां डायल 100 पर फोन लगाकर पुलिस को बुला लिया। हालांकि पुलिस के आने से पहले अफ्शा वहां से चली गई। पुलिस के सामने जीनत ने आरोप लगाया कि अफ्शा ने मुझे पिस्टल से धमकाया। तलाशी में अफ्शा के घर से पिस्टल और कारतूस मिले थे। इसके बाद पुलिस ने अफ्शा को आरोपी बनाया। आरिफ ने बताया कि हमने तब भी पुलिस से कहा था कि जीनत हमें जानबूझकर परेशान कर रही है पर पुलिस ने हमारी नहीं सुनी।

## नाइजीरियाई ठग ने महिला के नाम से प्रोफाइल बनाकर शादी का दिया झांसा, ऐंठ लिए दो लाख रुपये



**भोपाल।** राजधानी की साइबर क्राइम ब्रांच ने दिल्ली में रहने वाले नाइजीरियाई मूल के एक शातिर ठग की कारगुजारियों का राजफाश किया है। वह फेसबुक पर महिला के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर युवकों से पहले दोस्ती करता था, बाद में उसे आनलाइन बातचीत कर शादी करने का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लेता था और फिर शुरू करता था उनके साथ हेराफेरी। उसने ऐसे भोपाल के एक युवक को अपने जाल में फंसाया और उसके साथ दो लाख 11 हजार की ठगी कर दी। बाद में जब पीड़ित पुलिस के पास पहुंचा तो पुलिस ने उसकी पहचान की। लेकिन आरोपित तब तक देश छोड़कर भाग चुका था, अब पुलिस उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू करने जा रही है।

आरोपित इतना शातिर है कि वह सामने वाले से पहले महिला के नाम पर दोस्?ती करता। उससे प्रेम की पींगें बढ़ाता और विदेशी मुद्रा का उपहार भेजने का झांसा दे फर्जी कस्टम अधिकारी बनकर कस्टम ड्यूटी चुकाने के नाम पर रुपये खाते में जमा करवा लेता था। एक बार रुपये आने के बाद में मनी लांड्रिंग में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर देता था।बता दें कि 28 दिसंबर को 2022 को एक छात्र युवक ने साइबर क्राइम पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें उसने बताया कि उसके साथ विदेशी महिला के नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर उससे दोस्ती की और फिर इंटरनेट मीडिया के व्हाट्सएप और फेसबुक पर बातचीत की।

## प्रांजल शुक्ला का सुयश



भोपाल। आनंद विहार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा प्रांजल शुक्ला ने सीबीएसई की दसवीं कक्षा में 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रांजल अरुण शुक्ला की पुत्री हैं।

## पत्नी की हत्या के दोषी युवक को आजीवन कारावास, साली से कायम हो गए थे अवैध संबंध

**भोपाल।** राजधानी के जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को हत्या के एक मामले में सुनवाई करते हुए पत्नी की हत्या करने वाले युवक संजीव उर्फ सोनू अहिरवार को आजीवन कारावास और एक हज़ार 500 सौ रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। शासन की ओर से लोक अभियोजक पी एन सिंह राजपूत ने पैरवी की।

**यह है मामला-** आरोपित की शादी मृतका कृष्णा के साथ वर्ष 2013 हुई थी। शादी के बाद कृष्णा के गर्भवती होने से उसकी देखरेख के लिए उसकी बहन उसके घर पर आ कर रुकी। इसी दौरान आरोपित के अवैध संबंध पत्नी की बहन के साथ बन गये और वह गर्भवती हो गई। जिसकी जानकारी पत?नी के मायके वालों को लगी तो उन?होंने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज करा दिया। इस पर आरोपित को सात-आठ महीने जेल में भी रहना पड़ा। जेल से छूटने के बाद वह अपनी पत्नी को लेकर गांव आया, जहां उसकी पत्नी द्वारा बहन से अवैध संबंधों को लेकर रोज़ विवाद होने लगे। आरोपित सब्जी का ठेला लगाता था। वह पत?नी के चरित्र पर भी शक करने लगा। उसे शंका थी कि उसके घर से जाने के बाद पत्नी उसे बिना बताये घूमने चली जाती है और घर आकर किसी से दिन भर फोन पर बात करती है।

फरवरी 2021 को आरोपित अपनी पत्नी को घुमाने ले जाने के बहाने मोटर साइकिल से गांधी नगर स?थित खाली प्लाट पर ले गया, जहां बातचीत के दौरान उसने पत्नी के बाल पकड़कर उसके मुंह पर पत्थर मारा, जिससे वह बेहोश हो गई जिसके बाद उसने उसके सर पर पत्थर पर पटककर उसकी हत्या कर दी।



आज स्वच्छता अभियान के तहत जोन 08 के अंतर्गत माता मंदिर चौराहे से प्रारम्भ कर डोर टू डोर कचरा एकत्रीकरण, नालियों की सफाई व झुग्गी बस्तियों का निरीक्षण किया, इस अवसर पर एमआईसी सदस्य आर के सिंह बघेल, जोन के पार्षद गण एवं निगम अधिकारी मौजूद रहे।

# वनमंत्री का वन माफियाओं से सीधा तालमेल: कांग्रेस

## केके मिश्रा ने पूछा-विजय शाह बताएं बुरहानपुर डीएफओ अनुपम शर्मा को क्यों हटाया?

**भोपाल।** मप्र के निमाड़-मालवा इलाके में जंगलों की कटाई को लेकर सियासत जारी है। बुरहानपुर में बीते दिनों वन माफियाओं ने थाने पर हमला कर दिया था। इसके बाद वन अमले और कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे थे। अब कांग्रेस ने प्रदेश में हो रही जंगलों और लकड़ी की कटाई को लेकर वन मंत्री विजय शाह का माफियाओं से गठजोड़ बताया है। भोपाल में पीसीसी में कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- हजारों पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। प्रदेश की व्यवसायिक राजधानी इंदौर में जनहित याचिका पर हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने टिप्पणी की थी कि यदि यही हाल रहे तो प्रदेश रेगिस्तान बन जाएगा।

केके मिश्रा ने कहा माफियाओं का गठजोड़ मप्र में कानून और मुख्यमंत्री द्वारा रोज किए जाने वाले पौधारोपण को नष्ट कर रहा है। नियमों के मुताबिक जिलों में ट्री ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं। किसी कारण से पेड़ काटने की जरूरत पड़ती है तो ट्री ऑफिसर परमिशन देते हैं। लेकिन बिना ट्री ऑफिसर की अनुमति के फॉरेस्ट माफिया हजारों पेड़ रोज काट रहे हैं। इन माफियाओं से वन मंत्री विजय शाह का सीधा तालमेल है।

केके मिश्रा ने कहा- वन मंत्री को बताना पड़ेगा कि पिछले महीने बुरहानपुर में जंगल काट दिए गए। छह महीने में वहां तीन डीएफओ नियुक्त किए गए। तीसरे डीएफओ के रुप में जो अनुपम शर्मा वहां पदस्थ किए गए थे उन्हें दो महीने में हटा दिया गया। मेरे पास पूरी जानकारी है कि उन्होंने विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा था कि मैं वन माफियाओं पर कार्रवाई करना चाहता हूं लेकिन वहां के कलेक्टर और एसपी सहयोग नहीं कर रहे हैं। केके मिश्रा ने कहा सरकार के संरक्षण में वन माफियाओं, भाजपा समर्थित टिम्बर व्यापारियों, वन विभाग के अधिकारियों, राजनेताओं और पुलिस के गठजोड़ से बेखौफ होकर प्रदेश के व्यावसायिक राजधानी इंदौर सहित कई जिलों में वनों की अंधाधुंध अवैध कटाई का गंभीर आरोप लगाया।

BGI BANSAL
INSTITUTE OF RESEARCH & TECHNOLOGY
Kokta, Anand Nagar, Raisen Road, Bhopal-462021
Approved By AICTE, New Delhi, Affiliated to Barkatullah University Bhopal (M.P.)
Applications are invited for the following post (Under College 28) for,

| COURSE | POST |
|---|---|
| MBA | Professor-02, Associate Professor-04, Assistant Professor-12 |

Interested candidates may send their resume with passport size photo and copy of necessary documents mail us on:
swatihr@bistbpl.in bgibhopal.com
9109954684, 9109954687
Last date: 25/05/23
Note: Qualification & Salary as per AICTE norms.